धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सुप्रभात
रांची, शनिवार
21.09.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, चर्तुथी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 72

06 नफरती मंच में बदलती सोशल मीडिया




कोल्हान व पलामू प्रमंडल पर झामुमो का फोकस, हेमंत सोरेन ने पार्टी पदाधिकारियों संग बनायी रणनीति

# विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के कार्यकर्ता तैयार हो जायें : झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेताओं में से एक रहे चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपना पूरा ध्यान कोल्हान और पलामू प्रमंडल पर पर लगा दिया है। चंपाई के भाजपा में शामिल होने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने पार्टी विधायकों की बैठक आवास पर बुलायी थी। सरायकेला खरसावां के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करने वाले पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को सोहराई भवन में कोल्हान और पलामू प्रमंडल के सभी जिलों के प्रखंड स्तर तक के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी को केंद्र में रखकर बुलाई गयी इस बैठक में मंत्री दीपक बिरुआ, मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक दशरथ गागराई, समीर मोहंती भी शामिल हुए। वैसे तो बैठक दो प्रमंडलों की थी लेकिन सर्वाधिक उपस्थिति कोल्हान प्रमंडल की ही दिखी।

इस बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तो मीडिया से बात नहीं की लेकिन उनके कैबिनेट सहयोगी मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सभी को विधानसभा चुनाव की तैयारियों में युद्ध स्तर पर जुट जाने का आह्वान किया है।

मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य में अस्थिरता फैला कर सत्ता पाने का सपना देख रहे लोगों को राज्य से बाहर करना है। आधी आबादी के सशक्तिकरण और उनके विकास के लिए सरकार कृत संकल्पित है और कई योजनाएं वर्तमान सरकार ने महिला विकास के लिए किया है। चंपई सोरेन के जाने से पार्टी पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा, नेताओं का आना जाना लगा रहता है। इतिहास में बहुत सारे नेता झामुमो छोड़कर दूसरे दल में गए और फिर वापस आये तब हमने उनका सम्मान और स्वागत किया। मंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे ही बताएंगे कि हम कितने मजबूत हैं।

समय समय पर भाजपा का मुद्दा बदलता रहता है, हमारा मुद्दा सिर्फ जनकल्याण

मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि जनता पार्टी का समय-समय पर मुद्दा बदलता रहता है लेकिन जनता का मुद्दा नहीं बदलता। इसलिए झारखंड मुक्ति मोर्चा हमेशा जन सरोकारों से जुड़े हुए मुद्दे को उठती है और जन कल्याण ही हमारी प्राथमिकता में रहता है।

# परिवर्तन यात्रा के नाम पर राज्य में धार्मिक उन्माद पैलाना चाहती है भाजपा : कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा परिवर्तन यात्रा के दौरान कांग्रेस और झारखंड सरकार पर लगाये गये आरोपो पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने कहा कि अमित शाह को सोचना चाहिए कि 10 वर्षों से वह देश के गृह मंत्री का कार्यभार संभाल रहे हैं। इसके बावजूद गृहमंत्री देश में हो रही घुसपैठ की बातें स्वीकार कर रहे हैं। यह उनके लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री को खुद इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए और अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड आकर घुसपैठ के नाम पर धार्मिक उन्माद भड़काने की राजनीति कर रहे है। झारखंड में इनकी यह साजिश नहीं चलेगी। सबसे पहले इन्हें असम से घुसपैठ को रोकना चाहिए और असम में घुसपैठ के लिए असम के मुख्यमंत्री पर कार्रवाई करनी चाहिए।

श्री मुंजनी ने कहा कि उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाने से पहले उन्हें यह पता होना चाहिए की 24 वर्षों में इस विभाग में पहली बार प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा इस भर्ती नीति को स्वीकृति प्रदान की गई थी। भरती प्रक्रिया शुरू होते ही स्पष्ट हो गया कि भाजपा की नीति हमेशा युवा और किसानों के लिए जानलेवा रही हैं। उन्होंने कहा है कि देश की आर्थिक सत्ता का केंद्रीयकरण पूंजीपत्तियों के हाथों में देकर रोजगार के अवसर को समाप्त करने वाली केंद्र की सरकार को ऐसे मुद्दे उठाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए जिसमें उनके हाथ खुद काले हैं। झारखंड की सरकार ने युवाओं, महिलाओं,छात्राओं के आर्थिक- शैक्षणिक विकास के लिए ऐसी योजनाएं प्रारंभ की है जो झारखंड मिल का पत्थर साबित हो रहे हैं। योजनाओं के क्रियान्वयन की झड़ी झारखंड में लगी हुई है जिससे नरेंद्र मोदी कैबिनेट की नींद उड़ी हुई है। मीडिया चेयरमैन ने कहा है कि घोटाले के महामहीम नरेंद्र मोदी और अमित शाह झारखंड में घोटाले की बात कर रहे हैं। जिस मनरेगा घोटाले की बात कर रहे हैं वह भाजपा के शासन के समय का है। उन्होंने कहा है कि झारखंड बीजेपी की परिवर्तन यात्रा यहां के निवासियों के लिए साजिश रचने हेतु आरंभ की गई है, जिसके द्वारा विभिन्न प्रमंडलो में धार्मिक सहिष्णुता को खराब कर जातिगत और धार्मिक धुर्वीकरण की जमीन चुनाव के पहले तैयार की जा सके।

बंगाल सीमा पर वाहनों को रोकने पर भड़के बाबूलाल, कहा

# असंवैधानिक कार्य कर रही प. बंगाल की ममता सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पश्चिम बंगाल में आयी बाढ़ को लेकर सीमा बंद करने को असंवैधानिक करार दिया है। दरअसल, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डीवीसी को जिम्मेदार ठहराते हुये झारखंड-बंगाल सीमा पर वाहनों की आवाजाही को अगले तीन दिनों तक रोक दिया है। इसकी वजह से धनबाद के निरसा और रांची से सटे पुरुलिया बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है। बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर पोस्ट कर इस कार्रवाई को असंवैधानिक करार दिया है। उन्होंने झारखंड सरकार पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुप क्यों हैं। उन्होंने कहा है कि जब ज्यादा बारिश होती है तो झारखंड को पानी छोड़ना ही पड़ता है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है। इसे लेकर वाहनों को रोका जाना कहीं से भी जायज नहीं है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तानाशाही से झारखंड का जन-जीवन तो अस्त-व्यस्त हो ही रहा है। साथ ही, वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है। क्या नेशनल परमिट वाले वाहनों को पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने के लिए अलग से परमिट लेना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की सरकार ने आज तक झारखंड में जितने भी डैम बनाये हैं, उनमें झारखंड की जमीन गयी है। झारखंड के लोग विस्थापन का शिकार हुये लेकिन बिजली-पानी का लाभ पश्चिम बंगाल के लोगों को मिल रहा है। इन सबके बाद भी ममता बनर्जी असंवैधानिक तरीका अपनाकर वाहनों को रोक रही हैं।

दुमका और गोड्डा में आयोजित संवाद आपके साथ कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने किया संबोधित

# एकता और अखंडता ही कांग्रेस का मूलमंत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दुमका एवं गोड्डा जिला के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने जरमुंडी प्रखंड के सिमरिया दीयालपुर पंचायत में मृतक प्रवासी मजदूर मनोज मांझी के परिवार जनों से मिलकर उन्हें दिलासा दिया तथा आर्थिक मदद की। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मौके पर ही दूरभाष से बात कर मृतक के परिवार जनों को सरकारी सहायता अविलंब उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश की आजादी से लेकर देश के औद्योगिक और आर्थिक तरक्की के विस्तार में कांग्रेस के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। देश की एकता और अखंडता ही कांग्रेस का मूलमंत्र है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखती है कांग्रेस के कार्यकर्ताओं-नेताओं में पदलोलुपता नहीं होती है। उन्होंने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष, जिला पदाधिकारीयों से संगठन के लिए सकारात्मक विचार आए हैं, उस पर निश्चित रूप से विचार किया जाएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में आपके क्षेत्र से जो भी उम्मीदवार हो उसे विजयी बनाकर अपनी मजबूती दिखाना है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को साथ बैठकर घुसपैठ पर विचार करना चाहिए क्योंकि सीमाओं की सुरक्षा केंद्र का मसला है, राज्य सरकार इसके लिए उत्तरदायी नहीं है। भाजपा द्वारा विषाक्त वातावरण बनाने की तैयारी चल रही है,भाजपा नेताओं द्वारा राहुल गांधी को धमकियां दी जा रही है और केंद्र इस पर मौन है। राजनीतिक मूल्य और मयार्दाओं को तोड़कर राहुल गांधी के खिलाफ इस तरह की बयानबाजी एक सुनियोजित षडयंत्र का हिस्सा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सचेत होकर ऐसे फिरकापरस्त ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने की आवश्यकता है।

मौके पर पूर्व सांसद डॉ प्रदीप बलमुचू, पूर्व मंत्री बादल, सुल्तान अहमद, मदन महतो, श्यामल किशोर सिंह, रवींद्र वर्मा, डॉ सुशील मरांडी, नरेश वर्मा, सतीश केडिया, एनुल हक, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज, परवेज आलम, सुधीर चंद्रवंशी, सुरजीत नागवाला, दीपक गुप्ता, रवि केशरी, ज़िला अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी, ज़िला पदाधिकारीगण, सभी प्रखंड अध्यक्ष, अग्रणी संगठन ज़िला अध्यक्ष सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्तागण शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### पूजा सिंघल की जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित




**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत पर शुक्रवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी होने के अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना सुरक्षित आदेश 27 सितंबर को सुनायेगी। इससे पूर्व याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। ईडी के वकील ने पूजा सिंघल की जमानत का विरोध किया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग मामले में ठोस सबूत है। मामले में गवाही जारी है। वहीं, याचिकाकर्ता के वकील ने जेल की अवधि को देखते हुये जमानत देने का अनुरोध किया। अदालत ने दोनों की दलीलें सुनने के पश्ात आदेश सुरक्षित रख लिया। पूजा सिंघल ने दूसरी बार जमानत की गुहार लगाते हुये 12 सितंबर को याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि पूजा सिंघल की जमानत याचिका बीते 29 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी थी। चार महीने बाद पुनः जमानत की गुहार लगाई गई है।

### रांची हिंसा के सात आरोपियों को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** रांची हिंसा के सात आरोपियों को शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल गयी है। जस्टिस राजेश शंकर की अदालत ने जमानत प्रदान की। इसके पहले सिविल कोर्ट ने सभी सात आरोपियों को जमानत देने से इनकार कर दिया था। जिन्हें जमानत मिली है, उनमें मो शादाह आलम, फहीम खान, शहनवाज आलम, हैदर अली, अबु अजीमुशान, मोहम्मद नेयाज और सजर खान हैं। बता दें कि दस जून 2022 को रांची के मेन रोड में जमकर तोड़फोड़ की गई थी। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान फायरिंग में दो युवकों की मौत हो गई थी, जबकि कई लोग घायल हो गए थे। मामले में डेली मार्केट, हिंदपीढ़ी और लोअर बाजार थाने में 43 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज झारखंड में



ईटखोरी से हजारीबाग प्रमंडल और बंशीधर नगर से पलामू प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा का करेंगे शुभारंभ

**रांची।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हजारीबाग प्रमंडल परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ 21 सितंबर को करेंगे। श्री सिंह सुबह 9. 30 बजे विशेष विमान से रांची आयेंगे। वहां से ईटखोरी के लिये प्रस्थान करेंगे। वे भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद वहां से ईटखोरी हाई स्कूल मैदान के लिये रवाना होंगे। श्री सिंह 11 बजे परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद सभा को संबोधित करेंगे। वह अपराह्न 2 बजे गढ़वा जिले के नगर ऊंटारी स्थित बंशीधर मंदिर में पूजा करेंगे। इसके बाद नगर उंटारी के सिंचाई विभाग मैदान में आयोजित सभा को संबोधित कर पलामू प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी रहेंगे।

### केशव प्रसाद मौर्य कल झुमरी तिलैया और गढ़वा में करेंगे सभा

**रांची।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 22 सितंबर रविवार को हजारीबाग प्रमंडल परिवर्तन यात्रा के तहत झुमरी तिलैया के ब्लॉक मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर राकेश प्रसाद, शिवेंद्र नारायण सिंह और अनूप जोशी भी मौजूद रहेंगे। श्री मौर्य पलामू प्रमंडल परिवर्तन यात्रा के तहत रंका के हाई स्कूल मैदान में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। रंका में पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक भानु प्रताप शाही, गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो भी मौजूद रहेंगे।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के स्वर्णजयंती समारोह में हुईं शामिल

# झारखंड से मेरा विशेष लगाव, यहां आना मेरे लिए तीर्थयात्रा के समान : राष्ट्रपति

लाह, रेजिन और गोंद की खेती से किसानों का जीवन स्तर में लाया जा सकता है सुधार, नयी तकनीकों का लाभ किसानों को दिये जाने पर दिया जोर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड से मेरा विशेष लगाव है। झारखंड आना मेरे लिए तीर्थयात्रा के सामान है। उक्त बातें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के स्वर्णजयंती पूरे होने पर नामकुम में शताब्दी समारोह में कही। उन्होंने झारखंड में गर्वनर के रूप में अपने छह वर्षों के कार्यकाल को याद किया। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों ने मुझे अपार स्नेह दिया। उन्होंने कहा कि लाह, रेजिन और गोंद की खेती से किसानों का जीवन स्तर सुधारा जा सकता है। राज्यपाल के रूप में अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि एक बार जब वे पलामू गयीं तो लोगों ने बताया कि उस इलाके का नाम पलामू भी बहुतायत में पलाश, लाह और महुआ की खेती की वजह से पड़ा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि लाह की खेती में अधिकतर जनजातीय महिलाएं जुड़ी हैं। जरूरत है कि शोध और नये-नये तकनीकों का लाभ लाह की खेती में लगे किसानों को मिले। राष्ट्रपति ने कहा कि जो बहनें खेती करती हैं, उनके उत्पाद जैसे सब्जियों पर लाह की कोटिंग कर कैसे उसे स्टोर करने की अवधि बढ़ाई जा सकती है, इस पर भी विचार करना चाहिये।



### पूर्व में भी इस संस्थान के माध्यम से राज्य के किसानों को किया है सम्मानित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मैं अपने राज्यपाल कार्यकाल के दौरान इस संस्थान में आई थी। वर्ष 2017 में मैंने इस संस्थान द्वारा आयोजित किसान मेला का उद्घाटन किया था। उस समय मैंने लाख उत्पादन में अच्छा कार्य कर रहे किसानों को सम्मानित किया था। उससे पहले भी मैं इस संस्थान की लैब, रिसर्च फार्म और म्यूजियम में आयी थी। पिछले 100 वर्षों से इस संस्थान ने लाह, रेसिन एवं गोंद के वैज्ञानिक उत्पादन में सराहनीय कार्य किया है।



### देश के कुल उत्पादन का 50 प्रतिशत लाह झारखंड में

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश के कई राज्यों में लाह की खेती की जाती है। भारत के कुल उत्पादन का 50 प्रतिशत से अधिक लाख उत्पादन झारखंड में होता है। भारत में लाह का उत्पादन मुख्य रूप से जनजातीय समाज द्वारा किया जाता है। यह जनजातीय समाज की आय का एक महत्वपूर्ण साधन है। मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि इस संस्थान ने लाह, प्राकृतिक रेसिन और गोंद के अनुसंधान एवं विकास के साथ-साथ इन उत्पादों के व्यावसायिक विकास के लिए कदम उठाए हैं। स्मॉल स्केल लाह प्रोसेसिंग यूनिट एवं इंटीग्रेटेड लाह प्रोसेसिंग यूनिट का विकास, लाहआधारित प्राकृतिक पेंट, वार्निश और कॉस्मेटिक उत्पादों का विकास, फलों, सब्जियों और मसालों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए लाह आधारित कोटिंग का विकास, ये सभी प्रयास व्यावसायिक विकास के अच्छे उदाहरण हैं। ये कदम जनजातीय भाइयों और बहनों के जीवन-स्तर को सुधारने और उनके समावेशी विकास में मदद करेंगे। उन्होंने संस्थान में प्रोसेसिंग एंड फूड इंजीनियरिंग तथा एग्रीकल्चर केमिकल के पोस्ट ग्रेजुएट स्तर के कोर्स शुरू किए जाने पर खुशी जतायी।

### भारत के इतिहास जितना पुराना है लाह : शिवराज

राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत का इतिहास जितना पुराना है उतना ही पुराना इतिहास लाह का है। कृषि को बढ़ाने में लाह अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और आने वाला दिन विविधीकरण और कृषि वानिकी का ही है। लाह की प्रोसेसिंग और सेकेंडरी उत्पाद बनाकर इसकी कीमत बढ़ाई जा सकती है। लाह की खेती से लखपति दीदी बनाने की महत्वाकांक्षी योजना में भी सहायता मिल सकती है। केंद्र सरकार की योजना क्लस्टर आधारित खेती, प्रसंस्करण पर जोर और लाह उत्पादन में लागत के साथ 50 प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमआरपी तय करने की है। रांची को कृषि शिक्षा और शोध में बेहतरीन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

# राष्ट्रपति ने राजभवन में मूर्ति गार्डेन का किया उद्घाटन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजभवन में मूर्ति गार्डेन का उद्घाटन किया। शुक्रवार को राष्ट्रपति ने स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं से सुसज्जित मूर्ति गार्डेन का उद्घाटन किया। इस दौरान राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार भी उपस्थिति थे। इस मूर्ति गार्डेन में युगपुरुष स्वामी विवेकानंद के अतिरिक्त झारखंड के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी गया मुंडा, जतरा टाना भगत, तेलंगा खड़िया, नीलांबर-पीतांबर, सिदो-कान्हू, तिलका मांझी, दिवा-किसुन, वीर बुधू भगत के अतिरिक्त परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा स्थापित की गई है। राष्ट्रपति के राज भवन से प्रस्थान के क्रम में राज्यपाल ने उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान किया।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण शताब्दी समारोह में स्टॉलों का लिया जायजा





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के नामकुम स्थित इंडियन कउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एग्रीकल्चर प्रोसेसिंग के 100 साल पूरे होने पर शताब्दी समरोह में द्रौपदी मुर्मू ने समारोह में संस्थान की ओर से लगाये गये स्टॉलों का जायजा लिया।

**एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण** : संस्थान के 100 वर्षों के गौरवमयी सफर और कृषि व किसानों के जीवन में हो रहे बदलाव को लेकर कार्यक्रम में माय स्टांप और लाक्षा 2024 विजन 2047 के उत्कृष्ठता पुस्तक का लोकार्पण किया। साथ ही संस्थान परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात
रांची, शनिवार
21.09.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | आश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 72

12 आइफा में प्रस्तुति देंगी नोरा फतेही



## न्यूज डायरी

### लालू पर चलेगा केस गृह मंत्रालय ने दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू यादव की मुश्किलें बढ़ सकती है। गृह मंत्रालय ने उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी सीबीआइ को दे दी है। सीबीआइ की चार्जशीट पर गृह मंत्रालय ने ये फैसला लिया है। अन्य आरोपितों पर भी मुकदमा चलाने की मंजूरी के लिए सीबीआई अब सक्रिय है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई को इस प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दे दिया है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज आयेंगे झारखंड

**रांची।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हजारीबाग प्रमंडल परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ 21 सितंबर को करेंगे। वे सुबह 9:30 बजे विशेष विमान से रांची आयेंगे। वहां से इटखोरी जायेंगे। हाई स्कूल मैदान से 11:00 बजे परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ करेंगे।

### घुसपैठ मामले में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में शुक्रवार को सभी पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी। हाईकोर्ट फैसला सुरक्षित रख लिया। राज्य सरकार की ओर से वर्चुअली रूप से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने शपथ पत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के झारखंड में प्रवेश के संबंध में कोई डाटा शपथ पत्र में नहीं दिया है।

### चतरा में भाकपा माओवादियों ने की दो जगह पोस्टरबाजी

**चतरा।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकप्पा माओवादी के नाम पर चतरा जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में पोस्टर बाजी की गयी। काफी अरसे के बाद नक्सलियों के पोस्टर वार के बाद क्षेत्र में भय का माहौल है। चतरा जिले के पूर्वी क्षेत्र में पत्थलगडा थाना क्षेत्र के बकुलिया रोड में पुराना अस्पताल भवन और गिद्धौर थाना क्षेत्र है द्वारी के रानी पोखर के समीप कब्रिस्तान की दीवार में हस्तलिखित पोस्टर चिपकाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस पोस्टर को जब्त कर लिया।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 90000 रु./प्रति किलो |

**बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की रोक**




# कृषि आधारित उद्योगों पर राष्ट्रपति का जोर

## निसा के शताब्दी समारोह में बोलीं द्रौपदी मुर्मू , वैज्ञानिक कृषि हित में काम करें

### लाह, रेजिन और गोंद की खेती से किसानों का जीवन स्तर सुधरेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रांची में कृषि वैज्ञानिकों से किसानों की आय बढ़ाने के लिए उद्योग आधारित कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने द्वितीयक कृषि (सेंकेंडरी एग्रीकल्चर) को लेकर किसानों को जागरूख करने के प्रति वैज्ञानिकों को सलाह दी। उन्होंने कहा कि लाह, रेजिन और गोंद की खेती से किसानों का जीवन स्तर सुधारा जा सकता है। इसमें आइसीएआर प्रभावी भूमिका निभा सकता है। राष्ट्रपति, शुक्रवार को नामकुम स्थित इंडियन कॉउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च (आइसीएआर) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एग्रीकल्चर प्रोसेसिंग (निसा) के शताब्दी समारोह में बोल रहीं थीं। उन्होंने कहा कि आइसीएआर और एनआइएसए ने देश में लाख कीट का उत्पादन हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**तकनीक का लाभ उठायें :** राष्ट्रपति ने कहा, आज का दौर डिस्रप्टिव टेक्नोलॉजिस का है। हमें इन टेक्नोलॉजी का लाभ उठाना है, साथ ही इनके दुष्प्रभाव से भी बचना है। इस डिविजन की स्थापना दूरदर्शी सोच का ही प्रमाण है। अभी भी ऐसे अनेक क्षेत्र हैं, जिनमें हम और आगे जा सकते हैं। सप्लाई चैन और मार्केटिंग में सुधार किया जाये तो हमारे किसान देश-विदेश में इसकी आपूर्ति कर सकते हैं और उन्हें बेहतर मूल्य मिल सकता है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगीकरण को बढ़ावा :** द्वितीयक कृषि के तहत कृषि उत्पाद के वैल्यू एडिशन के साथ ही मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, कृषि पर्यटन जैसी कृषि से जुड़ी अन्य गतिविधियां भी आती हैं। इसके विकास से ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगीकरण को बढ़ावा दिया जा सकता है। यदि रोजगार के अवसर ग्रामीण क्षेत्रों में ही उपलब्ध होंगे तो लोग आर्थिक कारणों से गांव नहीं छोड़ेंगे। किसानों की आय बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है।

**कृषि में तीन समस्याएं :** राष्ट्रपति ने कहा कि बहुत से किसान भाई-बहन गरीबी में जीवन-यापन कर रहे हैं। कृषि को लाभदायक उद्यम बनाने के साथ-साथ, 21वीं सदी में कृषि के समक्ष तीन अन्य बड़ी चुनौतियां हैं। खाद्य और पोषण सुरक्षा को बनाये रखना, संसाधनों का टिकाऊ उपयोग तथा जलवायु परिवर्तन, द्वितीयक कृषि से जुड़ी गतिविधियां इन चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकती हैं। (पेज 2 भी देखें)

### झारखंड से मेरा विशेष लगाव

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती पर आना मेरे लिए तीर्थ यात्रा के समान है। यहां के लोगों से बहुत स्नेह मिला है। यहां मेरा विशेष लगाव है। राज्यपाल के रूप में अपने पुराने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि एक बार जब वे पलामू गयीं तो लोगों ने बताया कि उस इलाके का नाम पलामू भी बहुतायत में पलाश, लाह और महुआ की खेती की वजह से पड़ा। वहीं समारोह में शामिल राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा, मैं जिन इलाकों में अभी तक गया हूं, हर जगह एक राज्यपाल के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ने वालीं द्रौपदी मुर्मू ने पीपुल गवर्नर के रूप में पहचान बनायी। वहीं सीएम हेमंत सोरेन ने इस मौके पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ तथा झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडेय सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि झारखंड से प्रस्थान के क्रम में बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार तथा मुख्यमंत्री ने द्रौपदी मुर्मु को स्मृति चिह्न भेंट किया।

# किसानों को खेतिहर मजदूर बनने से बचाना होगा : सीएम

## किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लें

### कृषि के साथ पशुपालन पर सीएम का जोर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का रांची आगमन हम सभी के लिए गौरव की बात है। झारखंड की राज्यपाल के रूप में उनका मार्गदर्शन काफी उपयोगी था। आज राष्ट्रपति के पद पर रहकर भी झारखंड से उनका गहरा लगाव है। सीएम ने कहा कि आज के इस भौतिकवादी युग में किसानों को कृषि से जोड़े रखना, किसानों की आय में बढ़ोतरी, उन्हें वैकल्पिक खेती के साथ पशुपालन को बढ़ावा और प्रोत्साहन देने के लिए मजबूती से कदम उठाने की जरूरत है। किसानों के हालात कैसे बदलें, इस दिशा में गंभीरता के साथ विचार करने की आवश्यकता है। किसानों को आज वैकल्पिक खेती के लिए राज्य सरकार लगातार प्रोत्साहित कर रही है।

सीएम ने कहा कि आज किसानों के लिए सिर्फ बड़ी बड़ी बातें होती हैं, कागजों पर खुशहाल किसान का आंकड़ा भी दिखा देते हैं लेकिन हकीकत उससे काफी अलग है। आज भी किसानों की स्थिति और समस्याएं जस की तस है। वे खेतिर मजदूर बन कर रह गये हैं। इस दिशा में केंद्र और राज्य सरकार को मिल कर गंभीरता से सोचना होगा।

सीएम ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि उच्चतर संस्करण संस्थान, नामकुम रांची का सौ वर्ष हो रहा है। यह गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का 50 से 55 प्रतिशत लाह उत्पादन करता है, लेकिन पहले हम 70 प्रतिशत लाह का उत्पादन करते थे। आज इस लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं । बस इसके लिए किसानों को लाह की खेती से जोड़ने के लिए प्रोत्साहन और सुविधा उपलब्ध हो। इस कड़ी में हमारी सरकार लाह को कृषि का दर्जा दे चुकी है।

**विचौलियों से बचाना होगा :** सीएम ने कहा कि किसानों का खेती से बाजार तक का जो सफर है उसमें बिचौलियों की कोई जगह नहीं होनी चाहिये। लेकिन, दुर्भाग्य से देश में बिचौलियों एक ऐसा शक्तिशाली जमात है, जो किसानों की मेहनत और गाढ़ी कमाई का एक बड़ा हिस्सा अपनी जेब में ले जाता है। किसानों को सशक्त बनाने के लिये उन्हें बिचौलियों से हर हाल में निजात दिलाना होगा।

## हेमंत सरकार ने दिया त्योहारों से पहले बड़ा तोहफा

# सरकारी कर्मचारियों डीए 16 प्रतिशत बढ़ा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की मौज करा दी है। त्योहारों से पहले महंगाई भत्ता (डीए) में 16 फीसदी की वृद्धि कर दी है। हेमंत सोरेन कैबिनेट ने शुक्रवार को राज्य सरकार के पेंशनधारियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों के साथ-साथ सरकारी कर्मचारियों के लिए ये बड़ी घोषणा की। सर्मचारियों को 1 जनवरी 2024 से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत का लाभ मिलेगा। सीएम की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 36 फैसलों को मंजूरी दी गयी। इनमे 2 फैसले सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स से जुड़े हैं। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव बंदना डाडेल ने इन फैसलों की जानकारी दी। संविदाकर्मियों की संविदा राशि भी बढ़ाने को मंजूरी मिल गयी।

### कैबिनेट के प्रमुख फैसले

मयुराक्षी नदी पर पूल निर्माण के लिए करीब 241 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति। धुर्वा पथ सुदृढीकरण के लिए राशि स्वीकृति। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से चंदाघासी रिंग रोड के निर्माण एवं भूमि अधिग्रहण के लिए 280 करोड़ की संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति। झारखंड पशुपालन सेवा नियमावली में संशोधन की स्वीकृति। राजकीय फामेर्सी महाविद्यालय बरियातू में बी फार्मा की होगी पढ़ाई, पदों की स्वीकृति । (शेष पेज 11 पर)


### पेंशनरों , संविदाकर्मियों और कंप्यूटर आपरेटरों को भी तौहफा

बंदना दादेल ने बताया कि पेंशनधारियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को अपुनरीक्षित वेतनमान में महंगाई राहत की दरों में वृद्धि कर दी गई है। पहले 230 प्रतिशत महंगाई राहत मिलती थी। इसे बढ़ाकर अब 239 प्रतिशत कर दिया गया है। कर्मचारियों को बढ़ा डीए 1 जनवरी 2024 से ही प्रभावी होगा। महंगाई भत्ता को 427 प्रतिशत से बढ़ाकर 443 प्रतिशत कर दिया है। इसमें सरकार को सालाना 51.12 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। सरकार के इस निर्णय प्रोजेक्ट सचिवालय में संविदाकर्मियों ने जमकर खुशियां मनायीं। मुख्यमंत्री को बधाई भी दी गयी। सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों एवं राज्य के विभिन्न विभागोंए कार्यालयों जहां परिवहन भत्ता अनुमान्य है अर्थात राज्य के चार शहरों रांची, धनबाद, जमशेदपुर एवं बोकारो में संविदा पर नियुक्त एवं कार्यरत कर्मियों को इस तरह एकमुश्त संविदा राशि दी जायेगी।

## भोगनाडीह से परिवर्त्तन यात्रा का शुभारंभ कर बोले अमित शाह

# एक-एक घुसपैठिया को झारखंड से भगायेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/साहिबगंज।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनाईये, घुसपैठियों को उल्टा लटका कर सीधा कर देंगे। एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर झारखंड से बाहर निकालेंगे। झारखंड में चुनावी अभियान का शुभारंभ करते हुए उन्होंने साहिबगंज के भोगनाडीह में भाजपा के परिवर्तन रथ को हरी झंडी दिखायी। बाद में साहिबगंज पुलिस लाइन मैदान में विशाल परिवर्तन सभा को संबोधित किया। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार से कई तीखे सवाल पूछे और लोगों से अपील की कि वे आगामी चुनाव में भाजपा की सरकार बनायें। अमित शाह ने कहा कि झारखंड से एक-एक बांग्लादेशी घुसपैठिये के चुन-चुनकर निकालने का काम सिर्फ भाजपा की सरकार कर सकती है। अमित शाह ने कहा कि हेमंत सरकार जनकल्याण के जगह पर घुसपैठियों का कल्याण कर रही है। वर्तमान सरकार घुसपैठियों का कल्याण करने वाली सरकार है और आदिवासियों की जगह घुसपैठियों की आबादी बढ़ रही है। यह भूमि आदिवासियों की है, पर यहां घुसपैठियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि घुसपैठिये झामुमो, कांग्रेस व राजद के वोटबैंक हैं। यही कारण है कि यहां की सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति को बदलने के लिये सत्ता परिवर्तन जरूरी है। यह परिवर्तन मुख्यमंत्री बदलने का नहीं है बल्कि भ्रष्टाचार मिटाकर भाजपा सरकार लाने का है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव परिवर्तन यात्रा जायेगी। लोगों को परिवर्तन का संदेश देगी।

उन्होंने कहा कि आज पाकुड़ में हिंदुओं झारखंड छोड़ो के नारे लगाये जा रहे हैं। वह तो भला हो हाई कोर्ट का जिसने घुसपैठ की जांच के लिये कमेटी गठित करने का निर्देश दिया है। झारखड की सरकार यह देश की सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी सरकार है। उन्होंने कहा कि पहली बार गरीब आदिवासी की बेटी राष्ट्रपति भवन में बैठी। (शेष पेज 11 पर)

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## सूचना

21 और 22 सितम्बर, 2024 को Jharkhand Staff Selection Commission द्वारा झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 (JGGLCCE-2023) का राज्यभर में विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजन कराया जा रहा है। अगर इस परीक्षा की प्रक्रिया के आयोजन को प्रभावित करने के लिए किसी भी स्तर पर किसी भी प्रबंध तंत्र, संस्था व व्यक्ति की संलिप्तता पायी जाती है तो उसके खिलाफ झारखण्ड सरकार द्वारा लाये गए कड़े कानून **"झारखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023"** के तहत कड़ी से कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

**कृपया ध्यान दें**

परीक्षाओं से संबंधित प्रश्न पत्रों एवं उत्तर पत्रकों के संबंध में झूठी, भ्रामक एवं मिथ्या सूचना देने, प्रसारित एवं प्रकाशित करने वाले प्रबंध तंत्र, संस्था व व्यक्ति अपराध का दोषी समझा जाएगा और स्वयं के विरुद्ध अभियोग/मुकदमा चलाये जाने के लिए उत्तरदायी होगा तथा नियमानुसार दण्डित किया जाएगा।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 336495 (IPRD) 24-25

सुप्रभात
शनिवार 21.09.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 154
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

## प्राचार्या डॉ शर्मिला रानी ने ग्रहण की रेड क्रॉस की सदस्यता



**धनबाद।** एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शर्मिला रानी ने शुक्रवार को भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद के पैटर्न की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय की परीक्षा नियंत्रिका डॉ कविता डीहरे ने भी पैटर्न सदस्य की सदस्यता ग्रहण की। साथ में आजीवन सदस्य के रूप में पत्रकार संजय चौरसिया ने भी सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण में कार्यकारिणी अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार सिंह एवं सह सलाहकार कार्यकारिणी अध्यक्ष कुमार मधुरेन्द्र सिंह भी मौजूद थे।

## पीडीएस डीलर पर अनाज वितरण में गड़बड़ी का आरोप

**कतरास।** बाघमारा प्रखंड के निचितपुर टू के ग्रामीणों ने पीडीएस डीलर महालक्ष्मी स्वयं सहायता समूह पर कार्ड धारी को उनकी पात्रता के अनुसार पूरा अनाज नहीं बांटने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार प्रति यूनिट अनाज बगैर बांटे ऑनलाइन उठाव करा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि खाता धारियों को केवाईसी के नाम पर बायोमेट्रिक मशीन में अंगूठा लगवाने को बोलता है तथा विरोध करने पर राशन कार्ड डिलीट करा देने की धमकी देता है। मौके पर कार्ड धारी सीमा देवी, मंजू देवी, रेखा देवी, ललिता देवी, सबानी देवी, पुष्पा देवी, उपासी देवी, मुकेश महतो आदि मौजूद थे।

## झारखंड विकास श्रमिक संघ ने एसीसी प्रबंधन को मांग पत्र भेजा

**सिंदरी।** झारखंड विकास श्रमिक संघ के एसीसी शाखा सचिव ने 5 सूत्री मांगपत्र सिंदरी एसीसी अदानी सीमेंट प्रबंधन को डाक द्वारा भेजकर 15 दिनों के अंदर कारवाई की मांग की है। संघ के सचिव रूपेश कुमार उर्फ मुन्ना मुखिया ने अपनी मांगों को संवैधानिक बताते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि धनबाद सांसद ढुल्लू महतो को भी मांगों से अवगत करा दिया गया है। संघ के संयुक्त महामंत्री समीर बाउरी ने कहा कि मांगपत्र में 2 स्थायी कर्मी और 20 प्रोसेस मजदूरों की अविलंब वापसी की मांग प्रबंधन से की गई है। उन्होंने सीएसआर के तहत 10 किलोमीटर दायरे में विकास कार्य करने का भी सुझाव दिया है।

## चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में हो रहा रॉ वाटर की सप्लाई

**मैथन।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में शहरी जलापूर्ति द्वारा पिछले दो दिनों से रॉ वाटर सप्लाई से नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। जो जलापूर्ति कराई जा रही है वह पीने लायक नहीं है। बिना फिल्टर की जा रही पानी को पीने से लोगों को पीलिया, डायरिया, संक्रमण जैसी गंभीर बीमारी को उत्पन्न कर सकती है। इसको लेकर लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों ने नगर परिषद के कार्यालय में शिकायत की है। जानकारी के अनुसार शहरी पेयजलापूर्ति योजना मां अंबे केमिकल प्राइवेट लिमिटेड एजेंसी द्वारा चलाई जाती है। नगर परिषद प्रबंधकीय टीम तथा मां अंबे केमिकल प्राइवेट लिमिटेड एजेंसी के बीच कानूनी विवाद होने की वजह से यह लापरवाही देखने को मिल रही है।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया विधान सभा चुनाव का शंखनाद

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनाएं

**हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का आहवान**

**● केंद्र ने झारखंड को दिया 3.81 लाख करोड़**





**खबर मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला के झारखंडधाम में गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को परिवर्तन सभा को संबोधित करते हुए विधान सभा चुनाव का शंखनाद करते हुए कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने की आमजनों से अपील की। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन की यात्रा सरकार बदलने के लिए नहीं बल्कि यह आदिवासी मूलवासी पिछले साधनों बनवासी के जीवन में परिवर्तन लाने का है। श्री शाह ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार अन्याय की बुनियाद पर ही टिकी है। उन्होंने आवाहन करते हुए कहा कि हेमंत सरकार को उखाड़ फेंके और नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाएं। झारखंड देश का सबसे उन्नत राज्य होगा। कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम के घर से 350 करोड़ तथा 30 करोड़ एक साथ निकला है, यह आम जनता का पैसा है जिसे ठगबंधन सरकार के नेताओं ने जमा किया है।कांग्रेस हमेशा पिछड़ों की विरोधी रही है। इंदिरा गांधी ने मंडल कमीशन को लागू नहीं होने दिया। पिछड़ा आयोग को नरेंद्र मोदी ने मान्यता दी तथा नीट की परीक्षा में 27% आरक्षण पिछड़ों को सर्वप्रथम मोदी जी ने दिया। झारखंड को केंद्र सरकार ने 3 लाख 81 हजार करोड़ रूपया दिया है। कांग्रेस की सरकार ने बनिकों का अपमान किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जैसे ही झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी तो सर्वप्रथम रोहिंग्या तथा बांग्लादेशी घुसपैठिए को चुन चुन कर बाहर किया जाएगा।कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विजय चौरसिया ने अपने संबोधन भाषण से शुरू किया।

प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड के नौजवानों को नौकरी नहीं बल्कि मौत दे रही है।उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने पिता की कसम खाकर कहा था कि बेरोजगार युवकों को प्रति माह 5000 रूपया भत्ता देंगे, 5 लाख नौजवानों को नौकरी देंगे, विधवा असहाय तथा वृद्ध को 2500 रूपए प्रति माह पेंशन देंगे लेकिन हेमंत सरकार सिर्फ मौत बांट रही है। सिपाही भर्ती परीक्षा में 19 युवक मौत के मुंह में चले गए। उनके विधानसभा के रहने वाले विरंची राय की मौत उत्पाद सिपाही भर्ती के दौड़ में हो गई। इस सरकार को उखाड फेंकने का समय आ गया है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि कांग्रेस ने झारखंड को जमकर लूटा है। झारखंड में परिवर्तन की लहर है। यहां के आदिवासियों तथा मूल वासियों को कांग्रेस ने छलने का काम किया है। संथाल परगना में घुसपैठ पर सभी चुप हैं और इसे सिर्फ भाजपा की सरकार ही रोक सकती है। केंद्रीय बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि क्रांति की भूमि संथाल परगना तथा देवभूमि झारखंडधाम से परिवर्तन यात्रा शुरू हुई है इसका दूरगामी परिणाम होगा। आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड की निकम्मी हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकना होगा इसके लिए हमें केंद्र सरकार की नीतियों को घर-घर जाकर बताना होगा।स्थानीय भाजपा विधायक केदार हाजरा ने स्वागत भाषण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ने की।

**कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद**

कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय बाल विकास मंत्री डॉ. अन्नपूर्णा देवी, प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, अर्जुन मुंडा, जमुआ विधायक केदार हाजरा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रविंद्र राय, महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंघरीवाल, पूर्व विधायक सह जमुआ प्रवासी राजेश्वर राज, पूर्व विधायक निर्भय शहाबादी, डॉ. जयप्रकाश वर्मा, नागेंद्र महतो, पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बिजय चौरसिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक उपाध्यक्ष, यदुनंदन पाठक, अजय कुमार सिंह, दिलीप वर्मा, कामेश्वर पासवान, विनय शर्मा, चुन्नुकांत, नुनुलाल मरांडी, मुनिया देवी, सुनील अग्रवाल, छोटेलाल यादव, पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह, महेंद्र वर्मा, दिनेश यादव, आईटी सेल के विवेक विकास आदि उपस्थित थे।

## भाजपा का टिकट चाहने वाले एलबी सिंह समेत पांच हुए कोर्ट से रिहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद ।** सीबीआई के निर्देश पर कुसुंडा एरिया के आदर्श नगर शिमला बहाल मे सडक की मापी के लिए पहुंचे बीसीसीएल अधिकारियों मे दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग करने के एक मामले के आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने अधिवक्ता विकास भुवानिया की दलील सुनने के बाद मामले के नामजद आरोपी ठेकेदार एल बी सिंह, भाई कुंभनाथ सिंह, भरत सिंह, ओम प्रकाश सिंह एवं मिथिलेश सिंह को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया । एलबी सिंह धनबाद विधान सभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट पाने की रेस में हैं। बचाव पक्ष की ओर से यह दलील दी गई की अभियोजन के सभी गवाहों के बयान विरोधाभासी थे, किसी ने घटना कारित करते आरोपीयों को नही देखा था। केवल संदेह के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया। प्राथमिकी कुसुंडा एरिया नंबर छह के कनिय अभियंता विनय कुमार ठाकुर के शिकायत पर झरिया थाने में 30 जून 12 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक सीबीआई धनबाद में बीसीसीएल अधिकारियों को बीसीसीएल के 26 कार्य स्थल का निरीक्षण करने का निर्देश दिया था आदेश के आलोक में एक टीम का गठन किया गया था टीम में मुख्य प्रबंधक आरपी सिंह, प्रबंधक डीके सिंह, विमल प्रसाद पाठक इंजीनियर ,डीएन सिंह इंजीनियर, एस के झा सीबीआई इंस्पेक्टर एवं मुख्य प्रबंधक सिविल विजलेंस बी एन कुमार शामिल थे जो कार्य स्थल का निरीक्षण एवं मापी करने के लिए आदर्श नगर शिमला बहाल शिव मंदिर के पास पहुंचे थे जैसे ही वहां इन लोगों के द्वारा कार्य शुरू किया गया की कॉलोनी की ओर से चार-पांच युवकगोली चलाते हुए आए और फायरिंग किया और गाली गलौज करते हुए वहां से भाग गए प्राथमिकी में आरोप था कि उक्त सभी 26 कार्य ठेकेदार डीके सिंह को आवंटित किया गया था जिसका देख रेख ठेकेदार कुंभनाथ सिंह कर रहे थे प्राथमिकी में आरोप था की अधिकारीगण किसी तरह से वहां से जान बचाकर भागे थे।



# बंगाल सीमा सील होने पर जामताड़ा में भी लगी गाड़ियों की लंबी कतार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** पश्चिम बंगाल सरकार ने 19 सितंबर की रात से झारखंड से पश्चिम बंगाल की सभी सीमा को पूरी तरह से सील कर दिया है। अत्यावश्यक मामलों को छोड़कर किसी भी मालवाहक वाहन को राज्य में प्रवेश की अनुमति नहीं है। आधिकारिक तौर पर स्थानीय पुलिस का कहना है कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर सीमा सील कर दी है। पश्चिम बंगाल सरकारस के एक्शन से जामताड़ा के आसपास बंगाल सीमा पर भी वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। आवाजाही बंद होने से दोनों तरफ लोग परेशान हैं। आवश्यक सामान की ढुलाई पर भी असर पड़ा है। राज्य प्रशासन ने कहा है कि दक्षिण बंगाल में बाढ़ की गंभीर स्थिति के कारण झारखंड से किसी भी वाहन को राज्य में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। सरकार को इस बात की चिंता है कि वाहन बाढ़ में बह जाएंगी। सरकार ने दोनों राज्यों की सीमा को तीन दिनों तक बंद रखने का फैसला किया है। बीती रात से ही रूपनारायणपुर चेक नाका सहित झारखंड सीमा पर ट्रकों की कतार लगी हुई है। रूपनारायणपुर-जामताड़ा चेक पोस्ट क्षेत्र का दौरा करने पर ट्रकों को मक्का, चावल और अन्य सामान के साथ पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने की अनुमति दी गयी है। निरसा बीडीओ डुबुरडीही चेक पोस्ट पर पहुंचे और पुलिस से बात की।

**23 घंटे बाद बंगाल ने खोल दिये बोर्डर**

मैथन। आखिरकार 23 घंटे बाद पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने अपना हठ छोडा और शुक्रवार की शाम 6:30 बजे बोर्डर खोला गया। इसके बाद वाहनों ने बंगाल में प्रवेश करना शुरू किया। सभी वाहन धीरे-धीरे बंगाल में प्रवेश करने लगे। मालूम हो कि पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा झारखंड से जाने वाले वाहनों पर रोक लगाई गई, तो उसके जबाब में भाकपा माले नेता अरूप चटर्जी के समर्थकों द्वारा भी पश्चिम बंगाल के वाहनों को झारखंड में आने से रोक दिया गया। वाहन चालकों ने भी माले समर्थकों का समर्थन किया था, जिससे पश्चिम बंगाल में भी सड़क जाम हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गई। अंततः पश्चिम बंगाल सरकार को समझ आया कि जैसे को तैसा हो गया और सीमा सील हटाना पड़ा।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष कैद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद ।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर अगवा कर लेने एवं उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया । धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी तिसरा निवासी देवा भूईया को वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। गुरुवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। अभियुक्त इस मामले में फरार है जिसकी अनुपस्थिति में अदालत ने अपना फैसला सुनाया। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 20 सितंबर की तारीख निर्धारित की है । प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर कतरास थाने में 22 अगस्त 20 को दर्ज की गई थी प्राथमिकी के मुताबिक उसकी 14 वर्षीय नाबालिक को देवा 21 अगस्त 2020 के दोपहर 2:00 बजे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था । खोजबीन पर पता नहीं चला था । पीड़िता ने कोर्ट को दिए बयान में बताया कि वह ट्यूशन पढ़ने के लिए अपने सहेलियों की साथ जाती थी तब देवा उसे पीछा करता था 21 अगस्त 20 को जब वह ट्यूशन पढ़ने के लिए गई थी तो देवा उसे जबर्दस्ती अपने बाइक पर बैठकर एक खाली घर में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया था । अनुसंधान के बाद पुलिस ने 16 अक्टूबर 20 को आरोप पत्र दायर किया था 19 जून 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी अभियोजन ने इस मामले में सात गवाहों का परीक्षण कराया था।

## जामताड़ा पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** पश्चिम बंगाल, बिहार, हरियाणा और कर्णाटक के लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले चार साइबर ठगों को जामताड़ा पुलिस ने दो विभिन्न थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया है। उनके पास से काफी संख्या में मोबाइल और सिम बरामद किया है। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक जामताड़ा को गुप्त सूचना मिली। उसी के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक (साईबर अपराध) के नेतृत्व में पुनि सह थाना प्रभारी अब्दुल रहमान, साइबर अपराध थाना. जामताडा एवं अन्य पुलिसकर्मी को शामिल करते हुए नारायणपुर थानांतर्गत ग्राम भेलाटांड एवं करमाटांड थानान्तर्गत ग्राम लोहरबंधा में साइबर अपराधियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। छापेमारी में पुलिस को चार साइबर अपराधी को ठगी करते गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। बताते चलें कि साइबर अपराध करते हुए ठग वैद्यनाथ दास तथा गोरांग दास दोनों को ग्राम भेलाटाड़ थाना नारायणपुर एवं मो जाफर असारी व मो बाबर अंसारी, दोनों सहोदर भाई को ग्राम लोहरबंधा, थाना करमाटांड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 12 फर्जी मोबाइल,14 सिम, 1 एटीएम कार्ड,4 पासबुक, 4 आधार कार्ड,1 पैन कार्ड बरामद किया गया। उनके विरुद्ध थाना में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा फर्जी बैंक अधिकारी बनकर लोगों को फोन कर सोलह अंक का एटीएम नम्बर, सीवीवी नम्बर एवं ओटीपी नम्बर प्राप्त कर विभिन्न ई वालेट एवं फर्जी बैंक खातों के माध्यम से अपने खातों में ट्रांसफर किया जाता था।

# ढुल्लू महतो ने जेठ के नाक व मुंह को पैर से दबा दिया और कहा तुम लोग नहीं सकेगा

**डोमन महतो पर हमला : कोर्ट में बयान देते हुए रजनी देवी ने कहा**

**धनबाद।** डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने के मुकदमे मे शुक्रवार को मामले की पीड़िता रजनी देवी का बयान धनबाद के एमपी एमएलए के विशेष न्यायाधीश डी सी अवस्थी की अदालत मे दर्ज किया गया । कोर्ट को दिए बयान में डोमन महतो की भाभो रजनी देवी पति स्वर्गीय नंदलाल महतो ने गवाही देते हुए कहा कि 29 अप्रैल 19 को 6.50 से 7:00 बजे के आस पास वह रामराज मंदिर में आरती करने गई थी उसके साथ उसका आठ साल का बेटा कार्तिक महतो और बेटी खुशी कुमारी थी जो मंदिर के बाहर थी इस समय देखा कि ढुल्लू महतो अपने समर्थकों के साथ रोड की तरफ से मंदिर की तरफ आ रहे थे वहां उसके जेठ डोमन महतो बांस बाली का दुकान बना रहे थें । ढुल्लू महतो वहां उसके जेठ डोमन महतो और ससुर दोनों को गाली देने लगे और कह रहे थे कि अभी तक काम कर रहा है बाप बेटा दोनों को जान से मार दो। इसके बाद वहां पर झगड़ा होने लगा। ढुल्लू महतो के समर्थक अजय गोराई, उसके भैसुर का कॉलर पकड़ लिया, बिट्टू सिंह, डंपी मंडल कृष्ण रविदास और बुढा राय सभी मिलकर उसके भसुर के साथ मारपीट करने लगे ।भैसुर वहां गिर गए तो ढुल्लू महतो उसके भैसुर का नाक मुंह को पैर से दबा दिए और जान मारने की धमकी देने लगे। सभी मिलकर उसके भैसुर और ससुर दोनों को दुकान से बाहर निकाल कर दुकान तोड़ दिया ,उसके भाषण को मोबाइल से रिकॉर्डिंग करने लगे तो बिट्टू सिंह उनका मोबाइल छीनकर फेंक दिया। कृष्णा रविदास अपना बंदूक निकाल कर चलाने का कोशिश किया लेकिन बंदूक नहीं चली तो उसके भैसुर के माथे पर बट से मारा जब उसे बर्दाश्त नहीं हुआ तो वह जाकर मोबाइल उठाने लगी तो ढुल्लू महतो बोले कि तुम लोग हमसे नहीं सकेगा । यहां से मुख्यमंत्री तक मेरा आदमी है।

## कतरास : बाइक सवार ने बच्ची को उठाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** थाना क्षेत्र में अपने नानी के आवास के बाहर खेल रही एक 6-7 वर्ष की छोटी बच्ची को बाइक पर सवार दो अपराधियों ने उठा कर अपहरण करने का प्रयास किया। इस घटना से बच्ची के परिवारजनों में दहशत फैल गई। बच्ची के परिवारजनों ने कतरास थाना में गुहार लगाई है। अ बताते चलें कि शुक्रवार की दोपहर बच्ची गुहीबांध चौहान बस्ती स्थित नानी के घर के बाहर खेल रही थी। तभी एक बाइक पर दो मास्क पहने सवार वहां पहुंचे तथा बच्ची को बाइक पर उठा कर सिजुआ की ओर ले भागे। बच्ची के रोने चिल्लाने पर अपराधी उसे सिजुआ मोड़ के समीप छोड़कर भाग निकले। इधर बच्ची काफी देर तक घर नही पहुंची तो उसकी मां और नानी ने आसपास खोजबीन की। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला तो वे लोग परेशान होकर कतरास थाना पहुंचे। इधर सिजुआ मोड़ के समीप एक अकेली बच्ची को घूमते रोते देखकर बच्ची से लोगों ने उसका नाम पता पूछा। लोगों ने उसे उसके घर पहुंचा दिया। बच्ची के घर पहुंचने पर परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली।

**एक नजर में**

## राजभाषा पखवाड़ा के में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता




**कतरास।** बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र में राजभाषा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई, जिसमे गोविंदपुर क्षेत्र के कर्मचारी एवं अधिकारी प्रतिभागी थे। सभी प्रतिभागियों ने खनन के तकनीकी शब्दों के अनुवाद एवं हिंदी साहित्य तथा सामान्य ज्ञान विषय पर प्रश्नों के उतर दिए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शांतिमय भट्टचार्य, द्वितीय स्थान राहुल, सहायक प्रबंधक (खनन), एवं तृतीय स्थान रातुल राय को मिला। मौके पर जयंत कुमार जैसवाल, अपर महाप्रबंधक, अवधेश कुमार, सुरक्षा पदाधिकारी, के एस द्विवेदी, बीटीसी इंचार्ज, कृष्ण कुमार, सिक्योरिटी पदाधिकारी, जय प्रकाश , बीटीसी, अंकित श्रीवास्तव प्रशासनिक अधिकारी इत्यादि उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने किया फुटबॉल मैच का उद्घाटन



**कुमारधुबी।** राणा मेमोरियल कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आरएफसी क्लब राखापाड़ा द्वारा आज शुक्रवार को किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने किया। आयोजकों ने पूर्व विधायक के साथ आए तमाम अतिथियों को फूल माला व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। खेल शुरू होने के पहले स्वर्गीय राणा के नाम का स्मरण करते हुए 1 मिनट का मौन रखा गया। उसके बाद श्री चटर्जी ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल शुरू किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य बादल चंद्र बाउरी, संतु चटर्जी, कल्याण राय,माणिक लाल गोराई, अमरेश चक्रवर्ती, राजेंद्र यादव, तारक रखा, राहुल बाउरी, संजीत रखा, अभिजीत रखा, विशु बाउरी, प्रफुल्ल रखा, रंजीत बाउरी, असित बाउरी, आनंद बाउरी, उमापद रखा, नंतु गोस्वामी आदि मौजूद थे।

## अभाविप ने किया पीके राय महाविद्यालय इकाई का गठन

**धनबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पी के रॉय महाविद्यालय ईकाई का गठन शुक्रवार को किया गया। अध्यक्ष परशुराम रेड्डी,उपाध्यक्ष यश वर्मा, गायत्री कुमारी,समृद्धि कुमारी,निशा कुमारी, कालेज मंत्री प्रशांत मंडल, सहायक मंत्री अंजली कुमारी, सिमरन कुमारी, शिवाय कुमार, सौरभ दत्ता तथा कला मंच की प्रमुख हिमानी सिंह, अंजली कुमारी, सह प्रमुख सौरभ वेद्या, महाविद्यालय एसएफडी संयोजक सौरभ कुमार आदि मनोनीत किये गए। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए अंशु तिवारी ने विद्यार्थी परिषद के मूल उद्देश्यों के बारे में बताया। सभी छात्र छात्राओं को सदस्यता ग्रहण करायाा तथा इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर नगर विस्तारक हरगोविंद, जिला प्रमुख अखिल सिन्हा, विक्की ठाकुर, रिकी श्रीवास्तव,अमन गुप्ता आदि मौजूद थे।

खबर मन्त्र
रांची.शनिवार .21 सितंबर 2024
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# बढ़ती सुविधा


झारखंड की राजधानी रांची में शहर के विकास को लेकर गंभीर स्थिति पैदा हो गयी है। वर्तमान समय में आम सुविधाओं विशेषकर सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और विधि व्यवस्था को लेकर हाई कोर्ट लगातार चिंता व्यक्त कर रहा है। तीन फ्लाई ओवर का काम उम्मीद जगाती है लेकिन शहर की स्थिति बहुत खराब होती जा रही है। राजधानी होने के कारण रांची राज्य का चेहरा है और कोई भी पर्यटक या निवेशक राज्य की राजधानी की आधारभूत सरंचना से ही राज्य की स्थिति का आकलन करता है। लेकिन विगत दो दशक में रांची सिर्फ कागज पर राजधानी बना रहा और घोषणायुक्त सुविधाविहिन शहर का सिरमौर बना। राजधानी की परिवहन व्यवस्था हो या यातायात सुविधा, नालियों और सड़कों की बात हो या स्लम बस्तियों की, किसी भी कोण से रांची अन्य राजधानियों की तुलना में महानगर का स्वरुप धारण नहीं कर पाया। सबसे बड़ी समस्या जाम और ठेला खोमचे वालों की है जो गांव की गरीबाी और नक्सली हिंसा के डर से दो जून की रोटी कमाने राजधानी आते हैं। राजधानी में व्यवस्थित बाजार का भारी अभाव है। विशेषकर दैनिक उपयोग के वस्तुओं के लिये जिस प्रकार का बाजार होना चाहिए वैसा बाजार न होने से गंदगी और अव्यवथित बाजार का तेजी से विस्तार हो रहा है। राजधानी बनने के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि राजधानी में सुविधा का विस्तार होगा। लेकिन जिस गति से यह काम होना चाहिए था वह नहीं हो पा रहा है। सरकारे आती-जाती है लेकिन मानवीय सुविधा का लाभ समाज के हर वर्ग के जीवन स्तर को उठाता है और आसान करता है। रांची तो देश के सुदंर पर्यटन स्थलों में शुमार होता है। आज पटना का विकास और विकास के लिये बने राज्य की राजधानी की बेहाल स्थिति चिढ़ाती है।

# टाटा ग्रुप का चिप निर्माण

नैस्डैक में लिस्टेड अमेरिका की प्रमुख चिप निमार्ता कंपनी एनालॉग डिवाइसेज ने भारत में सेमीकंडक्टर उत्पादों के निर्माण की संभावनाओं का पता लगाने के लिए नमक से लेकर हवाई जहाज उड़ाने वाली टाटा ग्रुप के साथ हाथ मिलाया है। अमेरिकी चिप निमार्ता कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिसका उद्देश्य रणनीतिक और व्यावसायिक सहयोग को बढ़ाना, भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण के अवसरों का पता लगाना, और टाटा के अनुप्रयोगों जैसे इलेक्ट्रिक वाहन और नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर में अउक्र के उत्पादों का उपयोग करना है। 156 साल पुराने टाटा ग्रुप की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण शाखा, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स गुजरात राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट और असम राज्य में एक चिप-असेंबली और टेस्टिंग प्लांट बनाने के लिए कुल 14 अरब डॉलर का निवेश कर रही है। टाटा ग्रुप के सेमीकंडक्टर प्लांट के निर्माण को इस साल की शुरूआत में भारत सरकार ने हरी झंडी दी थी। समझौते के तहत, टाटा ग्रुप की ऑटोमेंकिंग यूनिट टाटा मोटर्स के इलेक्ट्रिक वाहनों और तेजस नेटवर्क्स के टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर में भी इस चिप निमार्ता के उत्पादों का उपयोग करेगा। भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए टाटा ग्रुप के साथ मिलकर काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह संयुक्त प्रयास इस क्षेत्र में इनोवेशन और सतत विकास को गति मिलेगी। दुनिया के सेमीकंडक्टर सॉल्यूशन और सॉफ्टवेयर विशेषज्ञता को मिलाकर, हम इलेक्ट्रिक वाहनों से लेकर अगली पीढ़ी के नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर तक अत्याधुनिक तकनीकों के विकास को तेजी से आगे बढ़ा सकते हैं। इससे एक मजबूत सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का निर्माण वैश्विक स्तर पर होगा।

# नफरती मंच में बदलती सोशल मीडिया





- ललित गर्ग

> ट्विटर, यू-ट्यूब, फेसबुक जैसे सोशल मंचों का विकास इस उद्देश्य से किया गया था कि उनके जरिए लोग आपस में संपर्क बनाएं, स्वस्थ और स्वतंत्र विचार प्रकट कर सकें और आपसी सौहार्द स्थापित कर सकें। भारत की प्रगति से ईर्ष्या करने वाली शक्तियों एवं राजनीतिक दलों ने इसे अपने प्रचार एवं तथाकथित संकीर्ण स्वार्थों की पूर्ति का माध्यम बना डाला।

सोशल मीडिया को नफरती मंच में बदलने की साजिश को विफल करना होगा

फेसबुक के संस्थापक-सीईओ मार्क जकरबर्ग ने कहा था कि फेसबुक के इतिहास में भारत का बहुत महत्व है। कंपनी जब बुरे दौर से गुजर रही थी और बंद होने की कगार पर थी तब मेरे गुरु स्टीव जॉब्ज (एपल के संस्थापक) ने मुझे भारत के एक मंदिर जाने की सलाह दी।

आजकल फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब जैसे सोशल मंचों पर ऐसी सामग्री परोसी जा रही है, जो अशिष्ट, अभद्र, हिंसक, भ्रामक एवं राष्ट्र-विरोधी होती है, जिसका उद्देश्य राष्ट्र को जोड़ना नहीं, तोड़ना है। इन सोशल मंचों पर ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो तोड़-फोड़ की नीति में विश्वास करते हैं, वे चरित्र-हनन और गाली-गलौच जैसी ओछी हरकतें करने के लिये तत्पर रहते हैं तथा उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक नीति अपनाते हुए अराजक माहौल बनाते हैं। एक प्रगतिशील, सभ्य एवं शालीन समाज में इस तरह की हिंसा, नफरत और भ्रामक सूचनाओं की कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लेकिन विडम्बना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कानून के चलते सरकार इन अराजक स्थितियों पर काबू नहीं कर पा रही है।

फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब पर पांव पसार रही हैं देश को तोड़ने की साजिशें एवं जनता के दिलों में दरारें डालने की उच्छृंखलताएं। इन राष्ट्र-विरोधी विध्वंसात्मक उपक्रमों, नफरत फैलाने वाले भाषणों, तोड़मोड़ कर प्रस्तुत करते घटनाक्रमों, हिंसा एवं साम्प्रदायिकता पर जश्न मनाने और भ्रामक सूचनाएं परोसने की जैसे होड़-सी लग गई है। यह तथ्य खुद फेसबुक और कुछ अमेरिकी मीडिया संस्थानों ने अपने अध्ययन के बाद प्रकट किए हैं। अध्ययनकताओं ने दो साल पहले फेसबुक पर खाते खोले और लगातार नजर बनाए रखी कि इस मंच पर भारत में कैसी सामग्री परोसी जा रही है। वे देख कर हैरान हो गए कि उनमें भ्रामक सूचनाओं और नफरत फैलाने वाले विचारों का अंबार लगा हुआ है। हालांकि फेसबुक का दावा है कि वह किसी आपत्तिजनक सामग्री को प्रकाशित नहीं करता, ऐसा करने वालों को तुरंत चेतावनी भेजता और सामग्री को रोक देता है। प्रश्न है कि फेसबुक की यह व्यवस्था यहां क्यों फेल हो गयी? कहीं खुद फेसबुक ऐसी नफरत की आंधी को सर्वव्यापी बनाने के लिये जिम्मेदार तो नहीं है? कहने को ट्विटर, यू-ट्यूब, फेसबुक सामाजिक मेल-जोल के मंच कहे जाते हैं, लेकिन इन मंचों पर जितनी राजनीतिक, धार्मिक एवं सामाजिक नफरत एवं द्वेष फैलाया जा रहा है, वह चिन्ताजनक हैं। फेसबुक के आंतरिक दस्तावेजों के मुताबिक फेसबुक भारत में भ्रामक सूचना, नफरत वाले भाषण और हिंसा को लेकर जश्न मनाने वाले कंटेंट को रोक नहीं पा रहा है, पर बड़ा सवाल है कि वह क्यों नहीं रोक पा रहा है? क्या यह भारत के खिलाफ एक षड्यंत्र का संकेत है? प्रश्न यह भी है कि इस प्रकार की भ्रामक, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक एवं नफरत-द्वेष फैलाने की नीति से किसका हित सध रहा है? विचित्र है कि भारत में ऐसी प्रवृत्तियां तेजी से बढ़ी हैं। सच्चाई यह है कि भारत की कुल 22 भाषाओं में से केवल पांच में फेसबुक ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए ऐसी सामग्री की जांच एवं विश्लेषण किया जाता है। यहां तक कि हिंदी और बांग्ला जैसी बड़ी भाषाओं में भी परोसी जाने वाली सामग्री का विश्लेषण करने का कोई उपाय उसके पास नहीं है। जाहिर है, इससे उपद्रवी और संकीर्ण मानसिकता के लोगों को एक खुला मैदान मिल गया है। इन भ्रामक सूचनाओं के माध्यम से चुनाव को प्रभावित करने की साजिश भी होती रही है। फेसबुक के संस्थापक-सीईओ मार्क जकरबर्ग ने कहा था कि फेसबुक के इतिहास में भारत का बहुत महत्व है। कंपनी जब बुरे दौर से गुजर रही थी और बंद होने की कगार पर थी तब मेरे गुरु स्टीव जॉब्ज (एपल के संस्थापक) ने मुझे भारत के एक मंदिर जाने की सलाह दी। वहां से लौटकर मुझे आत्मबल मिला और कंपनी सफल होती गई। इसलिये भारत उनकी लिस्ट में ऊपर है। अभी ठीक एक साल पहले फिर जकरबर्ग ने अपनी भारत यात्रा के दौरान इशारा किया था कि उनका इरादा गरीब लोगों तक इंटरनेट पहुँचाने का है। फेसबुक ने भारत में लोकप्रियता की एक नई मिसाल कायम की थी। लेकिन जिस भारत ने फेसबुक को नया जीवन दिया, क्या वह उस देश की अखण्डता को तोड़ने का जिम्मेदार होना चाहेगा?

ट्विटर, यू-ट्यूब, फेसबुक जैसे सोशल मंचों का विकास इस उद्देश्य से किया गया था कि उनके जरिए लोग आपस में संपर्क बनाएं, स्वस्थ और स्वतंत्र विचार प्रकट कर सकें और आपसी सौहार्द स्थापित कर सकें। भारत की प्रगति से ईर्ष्या करने वाली शक्तियों एवं राजनीतिक दलों ने इसे अपने प्रचार एवं तथाकथित संकीर्ण स्वार्थों की पूर्ति का माध्यम बना डाला। भारत में शायद ही कोई राजनीतिक दल हो, जिसके फेसबुक पर आधिकारिक खाते न हों। अधिकारिक खाते होने में कोई त्रुटि नहीं है, पर जब उनके समर्थकों, कार्यकताओं ने फर्जी नामों से खाते बना कर अपने दलगत आक्रामक विचार प्रकट करने शुरू किए, तो वातावरण दूषित एवं हिंसक होता गया। फिर तो न सिर्फ वहां दलगत मतभेद उभरने शुरू हो गए, राजनीतिक स्वार्थ सामने आने लगे। एक दल द्वारा दूसरे दल का विरोध करना, उसे नीचा दिखाना, उसकी प्रगति में बाधा उपस्थित करना एवं सफलता के नये कीर्तिमान गढ़ने वाले दलों का मनोबल गिराना आम बात हो गयी। उनकी इन बनावटी, भ्रामक एवं झूठी सूचनाओं का पदार्फाश होता है तो एक भी मुद्दा ऐसा नहीं मिलता जो तथ्यपरक, सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पहलू का स्पर्श करता हो। यह तो जानबूझकर अराजकता फैलाने का जरिया बनता जा रहा है और इनमें विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आपस में उलझते देखे जाने लगे, बल्कि भ्रामक सूचनाएं तथा नफरती विचार परोस कर उत्तेजना फैलाने में अपनी शान समझने लगे। कई बार इसके बुरे परिणाम भी देखने को मिले हैं, जब लोग ऐसे विचारों के प्रभाव में आकर भीड़ के रूप में हिंसा करते पाए गए। केवल चरित्र-हनन एवं अराजकता फैलाने के उद्देश्य से किया जाने वाला ऐसा प्रयत्न कितना जघन्य एवं राष्ट्र-विरोधी है, समझने वाले व्यक्ति अच्छी तरह समझते हैं।

## खास बात

### श्रद्धा की अभिव्यक्ति श्राद्ध

हृदयनारायण दीक्षित

**श्रद्धा** भाव है और श्राद्ध कर्मकाण्ड। श्रद्धा मन का प्रसाद है। प्रसाद आंतरिक आनंद देता है। पतंजलि ने श्रद्धा को चित्त की स्थिरिता या अक्षोभ से जोड़ा है। श्रद्धा की दशा में क्षोभ नहीं होता। श्रद्धा की अभिव्यक्ति श्राद्ध है। भारतीय विद्वानों ने श्रद्धा भाव को श्राद्ध कर्म बनाया। पिता, पितामह और प्रपितामह के लिए अन्न, भोजन, जल आदि के अर्पण तर्पण का कर्मकाण्ड बनाया। वे प्रसन्न होते हैं और सन्तति को सभी सुख साधन देते हैं।

हम भारतवासी वरिष्ठों, पूर्वजों के प्रति श्रद्धालु रहते हैं। संप्रति पितर पक्ष है। इस समय को पितरों के प्रति श्राद्ध के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। लोक मान्यता है कि इस पक्ष में पूर्वज पितर आकाश लोक आदि से उतर कर धरती पर आते हैं। हम पूरे वर्ष तमाम गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। इसी में 15 दिन पितरों के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के हैं। वैदिक निरूक्त में श्रत और श्रद्धा को सत्य बताया गया है। पितरों का आदर मानवीय गुण है। हम पितृपंक्ति का विस्तार हैं। वे थे, इसलिए हम हैं। उन्होंने पालन-पोषण दिया, स्वयं की महत्वाकांक्षाएं छोड़ी। उन्होंने हमारी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए तमाम कर्म किए। वे नमस्कारों के योग्य हैं। वे श्रद्धेय हैं।

ऐसे कर्मकाण्ड वैज्ञानिक दृष्टिकोण की संगति में नहीं आते। वे अंधविश्वास जान पड़ते हैं लेकिन कर्मकाण्ड निराधार नहीं होते। सभ्य समाज में पितरों का आदर होना ही चाहिए। श्राद्धकर्म की वैज्ञानिकता की बहस पुरानी है।

मत्स्य पुराण (19.2) में प्रश्न है कि श्राद्ध का भोजन पुरोहित या अग्नि को अर्पित होता है, क्या वह मृत पूर्वजों द्वारा खाया जाता है? जो मृत्यु के बाद अन्य शरीर धारण कर चुके होते हैं? इस प्रश्न का उत्तर भी दिया गया है, पिता, पितामह और प्रपितामह को वैदिक मंत्रों में क्रमशः वसु, रूद्र और आदित्य देव के समान माना गया है। वे नाम परिचय सहित उच्चारण किए गए मंत्रों आहुतियों को पितरों के पास ले जाते हैं। यदि पितर सत्कर्म के कारण देवता हो गए हैं तो वह भोजन आनंद रूप में उनके पास पहुंचता है।

# गुरु आज्ञा सर्वोपरि

## विचार-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

राम वन जाने को तैयार थे, प्रजा उन्हें रोक कर खड़ी थी। श्री राम ने कहा कि भाईयों यह ठीक है कि महाराज की आज्ञा नहीं हुई है लेकिन पिता की आज्ञा से गुरु की आज्ञा बड़ी होती है तो हमलोग गुरु देव वशिष्ठ जी के पास चलते हैं वो जो कहेंगे वह हम मानेंगे। निकसी वसिष्ठ द्वार भय ठाढ़े। सारे लोग वशिष्ठ जी के सामने खड़ें हो गये और वशिष्ठ जी ने पूछा क्या बात है?श्री राम बोले पिता मोह में मुझे वन जाने के लियेनहीं बोल सके। वरदान दिये हुए हैं लेकिन बोल नहीं सके। पिता की धर्म की रक्षा के लिये मैं वन जाना चाहता हूं। प्रजा ने कहा महाराज की आज्ञा नहीं है। अतः हमलोग नहीं जाने देना चाहते हैं। श्री राम हमारे ह्दय पर राज करते हैं। हमलोग उनका बिछुड़न बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। वसिष्ठजी ने अपना फैसला सुना दिया-आपलोग अपने आनंद के लिये अपने लाभ के लिये एवं अपने स्वार्थ के लिये राम को रखना चाहते हैं। लेकिन श्रीराम अपने लिये नहीं पिता के धर्म की रक्षा के लिये वन जाना चाहते हैं। इसलिये उनका सोचना ज्यादा उंचा है। यह उच्च कोटि का विचार है। अतः उन्हें जाने दिया जाए।

प्रसंग का अध्यात्म इस प्रसंग में गुरुभक्ति ही परिलक्षित होती है। क्योंकि श्रीराम ने प्रजाजनों को समझाया कि ठीक है पिता की आज्ञा नहीं है लेकिन सबके सार सम्हार गोसाई क्या ये बात सही नहीं है कि माता-पिता की आज्ञा से बढ़कर गुरु की आज्ञा होती है और अगर होती है तो हम सब वहीं चले और उनके द्धारा जो निर्णय होगा उसको आपलोग भी माने और हम भी माने। इस तरह ये लोग वहां पहुंचे और अपने-अपने पक्ष की बात रखें। तब वशिष्ठ जी के आदेश पर श्रीराम वन गये।


**वक़्त** और अध्यापक दोनों में फर्क सिर्फ इतना है कि , अध्यापक सिखा कर परीक्षा लेता है और वक़्त परीक्षा लेकर सिखाता है।

**– राहुल गांधी, सांसद**

## आपके ट्वीट

परिस्थितियां, पदार्थ, अभिरुचियां और व्यक्ति समय के साथ परिवर्तित होते रहते हैं ! जगत में सब अस्थिर व नश्वर है, आनंद स्त्रोत स्वयं का अस्तित्त्व ही है।अतः स्वयं के शाश्वत स्वरूप को जानें ।

- अवधेशानंद गिरी






**पीएम** आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन देश के स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को एक ऐतिहासिक ऊंचाई पर ले जाने वाला है...

**–नरेन्द्र मोदी**

## कार्टून वर्ल्ड




साभार कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### हिंसा बढ़ने का भय

**इस्राइल** इस समय न केवल हमास बल्कि हिजबुल्लाह व हूती विद्रोहियों के हमलों का एकसाथ जवाब दे रहा है। लेकिन इस्राइल की सीमा से लगते लेबनान में ईरान द्वारा दी गई उन्नत मिसाइलों व राकेटों के लगातार हो रहे हमलों के बीच इस टकराव के विस्तार लेने की आशंका बढ़ गई है। पश्चिम एशिया में पहले से ही नाजुक स्थिति जो गाजा संघर्ष के कारण और जटिल हो गई है। **–सुनील, रातू**

### खतरनाक संकेत

**पेजर** धमाकों के जरिये हिजबुल्लाह को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि भले ही वह गाजा संघर्ष में उलझा हुआ है, इसके बावजूद वह दूसरे मोर्चे पर हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे को भी निशाना बनाने की क्षमता रखता है। बहरहाल, यह घटना बताती है कि इस्राइल पर बीते साल हमास द्वारा किए गए हमले व अपहरण की वारदातों के बाद टकराहट और बढ़ जायेगी। **– रविकांत, रांची**

# भूसे से एथेनॉल बनाने की ओर तेजी से बढ़ता देश

## पर्यावरण

जीवीएस शास्त्री

**अंतर्राष्ट्रीय** बाजार में लगातार बढ़ते कच्चे तेल के दाम और उसके हमारी अर्थव्यवस्था पर पड़ते दबाव को देखते हुए सरकार नवीकरणीय ऊर्जा को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल कर रही है। पहले सरकार ने 2030 तक पेट्रोल में बीस फीसदी एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखा था। पिछले दिनों विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री ने अब इसे घटाकर 2025 कर दिया है। सरकार की मंशा है कि आत्मनिर्भर भारत की पहल के अंतर्गत इसे कालांतर में सौ फीसदी एथेनॉल से चलने वाले वाहनों के रूप में लक्ष्य हासिल किया जाये। दरअसल, सरकार की सोच रही है कि अपनी आर्थिक संप्रभुता के लिये हमें नवीकरणीय ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ानी होगी। इसमें बैटरी से जुड़ी प्रौद्योगिकियां भी शामिल हैं। नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य जहां वर्ष 2022 तक 175 गीगावॉट है, वहीं वर्ष 2030 तक इसे 450 गीगावॉट किया जायेगा। सरकारी की प्राथमिकताओं का प्रतिफल यह है कि वर्ष 2014 में जहां 38 करोड़ लीटर एथेनॉल खरीदा जाता था, वह अब 320 करोड़ लीटर खरीदा जा रहा है। बीते साल तेल बाजार की कंपनियों ने 21 हजार करोड़ रुपये का एथेनॉल खरीदा। केंद्र का दावा है कि पिछले सात सालों में हमारी अक्षय ऊर्जा की क्षमता में 250 फीसदी वृद्धि हुई है। फलतः आज भारत अक्षय ऊर्जा के मामले में शीर्ष पांच देशों में शामिल है। निस्संदेह, 21वीं सदी में ग्लोबल वार्मिंग के खतरों को देखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा अपरिहार्य बन गई है। यही वजह है कि वर्ष 2014 तक पेट्रोल में जहां 1.5 फीसदी एथेनॉल मिलाया जाता था, वह अब 8.5 फीसदी हो गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका एक बड़ा हिस्सा किसानों की जेब में गया है। विशेष रूप से गन्ना किसानों के खाते में। इसी कड़ी में एथेनॉल के उत्पादन और वितरण से जुड़ा महत्वाकांक्षी ई-100 पायलट प्रोजेक्ट पुणे में लॉन्च किया गया है। वहीं दूसरी ओर सौर ऊर्जा में पिछले छह साल में 15 गुना वृद्धि की बात सरकार कर रही है। वक्त की मांग है कि एथेनॉल उत्पादन इकाइयों को चीनी उत्पादक राज्यों के इतर अन्य राज्यों में भी विस्तार दिया जाये। तभी देश के विभिन्न राज्यों में सड़े अनाज व खेती से निकले कचरे आधारित संयंत्रों की स्थापना की जा रही है। इसी कड़ी में करनाल जनपद में एथेनॉल संयंत्र में धान की पराली का उपयोग किया जायेगा, जो पराली प्रबंधन की समस्या के समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम है। राष्ट्रीय जैव ईंधन नियामक ने जीवाश्म ईंधन के उपयोग में कमी करके पेट्रोल में ह्यहरित ईंधनह्व एथेनॉल के मिश्रण के लक्ष्य निर्धारित किये हैं, जिसमें धान के भूसे के इस्तेमाल को प्राथमिकता दी गई है, जिससे भविष्य में इसकी मांग व उपयोग में वृद्धि की उम्मीदें जगी हैं। फिलहाल करनाल में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एथेनॉल प्लांट में धान की भूसी का उपयोग होगा। हालांकि, इसके लिये खरीद शुरू हो चुकी है, लेकिन प्रसंस्करण अप्रैल, 2022 में आरंभ होगा, जिसमें किसानों की पराली प्रबंधन में होने वाले खर्च को बचाने में मदद की जायेगी। दरअसल, रबी की फसल के लिये सीमित समय होने के कारण किसान इसे खेतों में जला देते हैं। अब पराली प्रबंधन में इस नई पहल से मदद मिलेगी। पंजाब, हरियाणा व उ.प्र. में पराली जलाने में इस साल कमी देखी गई है। सर्दियां शुरू होने के साथ ही दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता में भारी गिरावट आती थी। फिर उसे दुरुस्त करने के उपाय किये जाते थे। कोविड महामारी, जिसने हमारे श्वसनतंत्र को ज्यादा नुकसान पहुंचाया, ने हमें स्वच्छ वातावरण की जरूरत को बताया है। वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश के ऊना में भी एक एथेनॉल संयंत्र स्थापित करने की योजना है।

# इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर: विश्व में भविष्य के गंभीर खतरे का संकेत

## सामयिक

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**लेबनान** की राजधानी बेरूत में एक दिन पहले पेजर और उसके बाद वॉकी-टॉकी व सोलर सिस्टम में विस्फोट से दर्जनों मौत और हजारों की संख्या में लोगों के घायल होने के बाद साफ हो गया है कि दुनिया के किसी भी कोने का कोई भी व्यक्ति अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं है। दुनिया में आतंकवादी गतिविधियों को इससे बढ़ावा मिलेगा। इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर का यह नया अंदाज अपने आप में गंभीर और अत्यधिक चिंताजनक हो गया है। इसके दुरुपयोग की आशंकाएं बहुत अधिक हैं।

लेबनान में हजारों पेजरों, वॉकी-टॉकी और सोलर सिस्टम में विस्फोट से यह साफ हो गया कि इलेक्ट्रोनिक डिवाइसों का उपयोग विनाश, आतंक फैलाने या इसी तरह की दूसरी गतिविधियों के लिए भी किया जा सकता है। लेबनान में एक साथ हजारों की संख्या में पेजरों में विस्फोट को लेकर आशंकाओं का बाजार गर्म है। यह एक तरह का साइबर अटैक कहा जा सकता है पर अभी आरंभिक स्थिति है ऐसे में कयास लगाये जा रहे हैं कि या तो डिवाइस को हैक करके यह कार्रवाई की गई है या फिर पेजर जहां से खरीदे गए हैं वहां से ही इसमें कोई विस्फोटक प्लांट किया गया है। जिसका परिणाम मौत और हताहतों के रूप में सामने आ रहा है। करीब एक दर्जन से अधिक की मौत की शुरूआती जानकारी के साथ 3 हजार से अधिक लोगों के घायल होने के समाचार है। ईरानी राजदूत सहित करीब 500 लोगों को आंख गवानी पड़ी है। जानकारों के अनुसार एक तरह से इसे इलेक्ट्रोनिक वॉरफायर भी कहा जा सकता है। हालांकि इस घटना के लिए इजरायल पर निशाना साधा जा रहा है, वहीं पेजर सप्लाई करने वाली ताइवान की कंपनी भी शक के दायरे में है। लगभग यही स्थिति वॉकी-टॉकी और सोलर सिस्टम के विस्फोट को लेकर है। ईरान समर्थित संगठन हिज्बुल्लाह व हमास पहले ही इस तरह की घटना के प्रति सचेत था। उसे शक था कि सेलफोन के माध्यम से इस तरह की घटना के साथ ही हमास की गतिविधियों की जासूसी संभव है। ऐसे में हमास ने अपने प्रमुख समर्थकों को पेजर का उपयोग करने की ही सलाह दी दुई थी। पिछले दिनों ही ताइवान से 5000 पेजर मंगवाये गये थे। वॉकी-टॉकी भी लगभग पांच माह पहले खरीदे गये थे। यह कयास लगाया जा रहा है कि पेजर सप्लाई करने से पहले उसमें कोई इस तरह की चिप लगा दी गई थी जो एक निश्चित तापमान पर आते ही विस्फोट हो जाए। दूसरी ओर यह भी कयास है कि पेजर को हैक करके बैटरी का तापमान बढ़ा कर विस्फोट किया गया हो। लगभग यही कुछ वॉकी-टॉकी व सोलर सिस्टम को लेकर है।हालांकि ताईवान की पेजर निमार्ता कंपनी के सू चिंग कुआंग ने पेजर में पहले से कोई विस्फोटक इंप्लांट होने की बात को सिरे से खारिज किया है। इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर की आशंकाओं को इससे समझा जा सकता है कि हिज्जबुलाह नेता हसन नसरुल्लाह ने सेलफोन के उपयोग ना करने के लिए अपने समर्थकों को सतर्क कर रख था। यही कारण था संगठन के बीच संवाद का माध्यम पेजर ही था। लेबनान के लोग अभी तक यह नहीं भूले हैं कि 6 मार्च, 1966 को हमास नेता याह्या अब्बास को फोन कॉल विस्फोट कर उड़ा दिया था।

इलेक्ट्रोनिक्स और इलेक्ट्रिकल क्रांति के इस युग में देखा जाए तो फिर कुछ भी सुरक्षित नहीं है। पेजर, वॉकी-टॉकी या सोलर सिस्टम तो बहाना है। क्या गरीब और क्या अमीर सभी के पास एंड्रोइड मोबाइल व अन्य उत्पाद आम है। कंम्प्यूटर, टेबलेट्स, नोटबुक, लैपटॉप आदि का उपयोग आम है और इनको हैक किया जाना तो आसान है। पिछले दिनों जिस तरह से माइक्रोसॉफ्ट को 'चंद समय के लिए हैक कर दिया गया था या सोशल मीडिया साइट वाट्सएप आदि को हैक कर भले ही कुछ समय के लिए ही हो पर हैंकरों ने अपनी ताकत दिखा दी। हालात यह है कि अब तो लक्जरी गाड़ियों में डिवाइस का उपयोग होने लगा है। इसी तरह से घर में दैनिक उपयोग के एसी, फ्रिज, इंडक्शन अन्य उत्पाद आदि जिस जिस में भी डिवाइस लगी होती है उसमें सिस्टम में कुछ भी गलत कर सप्लाई करने और कभी भी दुरुपयोग करने की आशंकाओं को नकारा नहीं जा सकता है।

डिजिटल अरेस्ट, साइबर क्राइम आदि जब आज आम होता जा रहा है तो इलेक्ट्रोनिक वारफेयर तो नए जमाने का नया संकट है। ऐसे में किसी भी सिरफिरे व्यक्ति या आतंकी या देश द्वारा इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने की आशंकाएं बढ़ गई। यह अपने आपमें मानवता के लिए नया संकट हो गया है।

## रोटरी इंडिया लिट्रेसी मिशन कार्यक्रम के तहत

**कोडरमा।** भारतीय जन उत्थान परिषद द्वारा डोमचांच प्रखंड अंतर्गत मसमोहना पंचायत के धूमाडीह गांव में एक प्रौढ़ शिक्षण केंद्र का उद्घाटन गांव के पंचायत प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। वहीं उन्होंने बताया कि संस्था के कार्य को सफल बनाने में हम सब की जिम्मेवारी होगी और आगे भी हम लोगों को संस्था काफी तरह से सहयोग कर पायेगी। इसके साथ परियोजना के समन्वयक इंद्रजीत कुमार ने भारतीय जन उत्थान परिषद के बारे में काफी विस्तार रूप से संस्था के बारे में बताया।

# एनसीबी ने चतरा के अफीम तस्कर रामू को किया गिरफ्तार, अफीम तस्करों में हड़कंप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** गुरुवार को, गृह विभाग के निरोधात्मक कार्रवाई के तहत, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने चतरा में एक बड़ी कार्रवाई की। एनसीबी की टीम ने सदर थाना पुलिस के सहयोग से चतरा के कुख्यात अफीम कारोबारी रामू साव को गिरफ्तार कर अपने साथ रांची ले गई। रामू साव सदर थाना क्षेत्र के रामटुंडा गांव का रहने वाला है, लेकिन फिलहाल वह शहर के जतराहीबाग इलाके में रह रहा था। एनसीबी की टीम ने शहर के जतराहीबाग स्थित आवास से रामू साव को गिरफ्तार किया और अपने साथ रांची ले गई।

> रामू साव के खिलाफ पूर्व में अफीम कारोबार से संबंधित कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं।



रामू साव के खिलाफ पूर्व में अफीम कारोबार से संबंधित कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं और उसके पास से पहले भी अफीम का एक बड़ा खेप बरामद हुआ था। एनसीबी की टीम ने रामू साव की गिरफ्तारी के बाद शहर के लाइन मोहल्ला में एक और अफीम के पेशेवर बड़े कारोबारी के घर में भी छापेमारी की, लेकिन वह एनसीबी की टीम को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा।

एनसीबी के पास चतरा के सभी बड़े अफीम कारोबारियों की एक लंबी सूची है और एक-एक करके सभी के खिलाफ कार्रवाई होना निश्चित है।

## स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले में 21 और 22 सितंबर को तीन पालियों में आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर एसडीओ ने एक निर्देश जारी कर सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में धारा 163 के प्रावधान के तहत 21 सितंबर की सुबह 6:30 बजे से 22 सितंबर शाम 7 बजे तक निषेधाज्ञा लागू कर दिया है, निषेधाज्ञा की अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में 5 या इससे अधिक व्यक्तियों के जमा/एकत्र होने, भीड़ इकट्ठा होने पर प्रतिबंध रहेगा।

# सेविका सहायिकाओं का राजभवन मार्च 23 को : संजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं की विभिन्न मुद्दों जिसमें आंगनबाड़ी सेविका सहायिका शर्त नियमावली में संशोधन, हर साल मानदेय बढ़ाने की प्रक्रिया सरल करने, पारा शिक्षकों की तरह वेतनमान व अन्य सुविधाएं, रिटायर्मेंट के बाद सेविका को 10 लाख एवं सहायिका को 5 लाख एकमुश्त राशि देने एवं अंतिम मानदेय का 50 प्रतिशत पेंशन देने, वरियता के आधार पर सेविका को सुपरवाइजर के पद पर प्रमोशन देने, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ग्रेच्युटी का भुगतान करने, पोषाहार राशि बाजार के रेट के आधार पर देने आदि छह सूत्री मांगों को लेकर 23 सितंबर को रांची में मुख्यमंत्री के समक्ष सेविका सहायिकाओं का विशाल राजभवन मार्च किया जाएगा। जिसमें जिले से भारी संख्या में सेविका सहायिका भाग लेंगी।



वहीं इस संबंध में शुक्रवार को सभी सीडीपीओ को आंगनबाड़ी यूनियन (सीटू) के द्वारा सूचना पत्र दिया गया। वहीं सीटू के राज्य सचिव और झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय पासवान ने बताया कि सेविका सहायिका को अपने आंगनबाड़ी में बच्चों की देखभाल, नर्सरी शिक्षा, ताजा नाश्ता खाना देने के अलावा दर्जनों काम सरकार इनसे कराती है, सर्वजन पेंशन, सावित्रीबाई फुले योजना, मंईयां सम्मान योजना, अनाथ बच्चों का सर्वे सहित कई काम अलग से कराया जाता है, जिसका कोई अलग से मेहनताना नहीं दिया जाता है, हर सप्ताह परियोजना कार्यालय बुलाया जाता है, जहां न ठीक से बैठने की और न ही पेयजल की व्यवस्था होती है, कोई यात्रा भत्ता भी नहीं दिया जाता है। दूसरी तरफ निर्वाचन विभाग के द्वारा इनसे बीएलओ का काम सालों भर कराया जाता है, जिसके कारण सेविका बीमार होती है, डिप्रेशन में चली जाती है। मानदेय के नाम पर वर्ष में सात हजार रूपये मिलता है, जो कि प्रत्येक माह मिले तो भी कम है। इनका चौतरफा शोषण हो रहा है। झारखंड सरकार ने 2022 में सेविका सहायिकाओं के लिए नियमावली बनाई थी, जिसके आधार पर सेविका सहायिकाओं के मानदेय में थोड़ी बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन इस महंगाई के दौर में वह काफी कम है। वहीं सेविका व सहायिका के मानदेय में हर साल 500 और 250 रूपये बढ़ाना है, जो लागू नहीं किया जा रहा है। सेविका सहायिकाओं को राज्य की हेमंत सरकार पर भरोसा है कि वह उनके तकलीफ को समझेगी। केन्द्र की भाजपा सरकार से कोई उम्मीद नहीं है, क्योंकि मोदी सरकार पिछले 8 सालों में मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की है, दूसरी तरफ आईसीडीएस का निजीकरण कर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रही है, जिससे भविष्य में आंगनबाड़ी केंद्र बंद हो जाएगा। इसलिए चुनाव के पहले यह राजभवन मार्च ऐतिहासिक होगा और झारखंड सरकार को सेविका सहायिका की मांगों को स्वीकार करना होगा।

## मुखिया ने पंचायत सचिव पर लगाया मनमानी का आरोप

**गिद्धौर।** पहरा पंचायत की मुखिया बेबी देवी ने पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि पंचायत सचिव ने प्रधानमंत्री आवास योजना में 45 लाभार्थियों के नाम अपनी मर्जी से चढ़ा दिए हैं। इस संबंध में न तो ग्राम सभा की गई और न ही मुखिया को इसकी कोई जानकारी दी गई। पीएम आवास योजना में 27 एससी एसटी और 17 अन्य जाति के लोगों का नाम चयनित किया गया है। मुखिया ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त और उपायुक्त से जांच कराने और पंचायत सचिव को हटाने की अपील की है। पंचायत सचिव से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

**एक नजर में**

## भद्रकाली महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय इटखोरी चतरा के सभागार में शुक्रवार को एनएसएस इकाई एक एवं दो के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की वहीं मुख्य अतिथि समाजसेवी पवन शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक,महाविद्यालय कर्मियों एवम छात्र छात्राओं ने अपने घरों के आस पास ,अपने समाज और महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने की शपथ ली। श्री पवन शर्मा ने कहा कि स्वच्छता ही धन है। प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने कहा कि स्वच्छता अभियान बीमारियो और महामारियों को भगाने का अभियान है। प्रो ललित मोहन सिन्हा ने कहा कि स्वच्छ परिसर और स्वच्छ तन में ही स्वच्छ मन का विकास होता है। कार्यक्रम में पूरे महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस इकाई एक कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर संदीप कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर बालेश्वर पासवान ने की। कार्यक्रम में प्रो श्याम सुन्दर प्रसाद, प्रो सकेंद्र मिस्त्री, प्रो जानकी प्रसाद दांगी, डॉक्टर मंसूर आलम फखरी, प्रो पंकज, प्रो राकेश,प्रो लीलू रानी, प्रो ललित मोहन सिन्हा,प्रो महेंद्र ठाकुर, प्रो ललित कुमार सिंह, प्रो धीरेंद्र यादव, प्रो अखिलेश पांडे, मो. रफीक अंसारी, शुभम सौरभ, प्रेम ठाकुर सहित महाविद्यालय कर्मियों एवम छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

**जिला भू अर्जन पदाधिकारी व जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने**

## जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, भूमि विवाद, राशन, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री आवास, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, ट्राई साइकिल से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## जनसमस्याओं से रूबरू हुई डीसी, दिया आश्वासन

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमे दूरदराज से आये ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उपायुक्त से उचित कार्रवाई की मांग की। वहीं शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में जमीन पर कब्जा करने, अबुआ आवास योजना का लाभ देने, दाखिल खारिज, भूमि विवाद, राशनकार्ड बनवाने, आयुष्मान कार्ड का लाभ देने आदि से सम्बंधित मामले आये।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के कुशल तत्वावधान में स्वयं की समझ विषय पर सफल कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला के तृतीय सत्र में रिसोर्स पर्सन सुधांशु कुमार ने उक्त विषय पर गहन विचार साझा करते हुए विद्यार्थियों के जीवन में आवश्यक विविध लक्षणों एवं आदतों से अवगत कराया। साथ ही जीवन को सुदृढ़ एवं अर्थपूर्ण बनाने हेतु शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का अनुसरण करने पर बल दिया। वहीं प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला के आयोजन से प्रशिक्षुओं में नूतन ज्ञान का अर्जन के साथ अंतर्निहित प्रतिभा जागृत होती है एवं नवीन ऊर्जा का संचार होता है। वहीं डॉ. मनीष कुमार पासवान ने कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन एवं सभी प्रशिक्षुओं को स्वागत करते हुए कहा




कि कार्यशाला मानव जीवन को नवाचार करता है, साथ ही अनूठे कौशलों का निर्माण कर क्रियान्वयन करने में सहयोग करता है। वहीं सुधांशु कुमार द्वारा प्रश्नोत्तरी सत्र में प्रशिक्षुओं के सभी प्रश्नों के उत्तर सरलता एवं सहजता के साथ दिया गया। मौके पर मनीष कुमार सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल दास, सौरभ शर्मा समेत सभी विद्यार्थी मौजूद थे।

**परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, अधिकारियों को दिए कई निर्देश**

# परीक्षा के दौरान विधि व्यवस्था रखें चुस्त, परीक्षार्थियों की करें बायोमेट्रिक जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले में 21 और 22 सितंबर को तीन पालियों में आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में शामिल अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं सुदृढ रखें, अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की समस्या न हो, उन्होंने कहा की परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे और जैमर पूरी तरह सक्रिय रहे यह सुनिश्चित करें, उन्होंने गश्ती दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्राधीक्षकों को




शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा सम्पन्न करवाने का निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा हॉल में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक चीजें ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध है, परीक्षार्थियों का जांच प्रवेश द्वार पर पूरी सघनता से करें, साथ ही केंद्रों पर भी परीक्षार्थियों की बायोमैट्रिक जांच करें। उपायुक्त ने परीक्षार्थियों से भी अपील करते हुए कहा की परीक्षा को लेकर किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान नही दें, साथ ही उन्होंने आमजनों से भी अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट नही करें। मौके पर डीसी के अलावे डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, डीएसओ अविनाश पुरेन्दु, पुलिस पदाधिकारी व दंडाधिकारी आदि मौजूद थे।

# रोगों से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन जरूरी है : डॉ अनिल कुमार

**राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन**









**खबर मन्त्र संवाददाता**

खबर मन्त्र संवाददाता
पी-1, 2, 3

कोडरमा। सिविल सर्जन सभागार में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, एसीएमओ डॉ. रंजीत कुमार, डीटीओ डॉ. रमण कुमार, डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार, डीएमओ डॉ. मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाकर कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत किया गया। छात्राओं को सम्बोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा कि रोगों से बचाव के लिए सभी उम्र के लोगों को वर्ष में एक बार एल्बेंडाजोल की टेबलेट जरूर खाना चाहिए, खास कर वर्ष एक से 19 वर्ष आयु के बच्चों के लिए यह काफी जरूरी है, इसके सेवन से शरीर में एनीमिया की कमी नही होती है, साथ ही बच्चों का शारीरिक विकास होता है, कहा कि कृमि नाशक दवा एक वर्ष से 19 वर्ष के सभी बच्चों को खिलाने का लक्ष्य है, इसके लिए जिला मुख्यालय समेत सभी प्रखण्डों में यह कार्यक्रम शुरू किया गया है, प्रखण्डों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और सीडीपीओ को इसकी जिम्मेवारी दी गयी है। वहीं एसीएमओ डॉ. रंजीत कुमार ने कहा कि एल्बेंडाजोल की टेबलेट का सेवन करने से हमारे पोषण तत्वों को ग्रहण करने वाले पेट के कीड़े मर जाते हैं। वहीं डीटीओ डॉ. रमण कुमार ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन करने से कई रोगों से बचाव होता है, ऐसे में अपने बच्चों को इसका सेवन अवश्य करवाएं।

**डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों को खिलाया गया एल्बेंडाजोल की गोली :** इधर जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार ने डीएवी पब्लिक स्कूल व अन्य स्कूलों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का उदघाटन कर स्कूली बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाया। वहीं उन्होंने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य और शारीरिक क्षमता के विकास के लिए कृमि नाशक दवा का सेवन अवश्य करना चाहिए, जो बच्चे 20 सितंबर को किसी कारणवश दवा नही खा पाए हैं, उन्हें 27 सितंबर को मॉप अप दिवस के दिन दवा का सेवन कराया जाएगा। मौके पर डॉ.विकास चौधरी, प्रभारी प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश सिन्हा, विनीत अग्निहोत्री, केके चांद, मुकेश राणा, शंभु कुमार, दीपेश कुमार, अविनाश आनन्द, ललन कुमार, मो. आरिफ हुसैन, विशाल कुमार, स्कूली छात्राएं आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## शहर के छह स्थानों पर नहीं हुई जलापूर्ति पानी को तरसे लोग

**धनबाद।** पिछले दिनों बारिश से जहां मैथन डैम में जरूरत से ज्यादा पानी हो गया है। अतिरिक्त पानी को बंगाल में छोड़े जाने से झारखंड और बंगाल की सरकार के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है, वहीं इसी डैम से धनबाद के लोगों को पर्याप्त पानी नसीब नहीं हो रहा है। शुक्रवार को शहर की 19 जलमीनारों में से सिर्फ 13 से ही जलापूर्ति हो सकी। बाकी छह जलमीनारें सूखी रह गई। चिरागोड़ा, पुराना बाजार, धनसार, मेमको, भूली और पोलीटेक्निक के लोगों को बूंद बूंद के लिए पूरे दिन तरसना पड़ा। पानी नहीं मिलने से सबसे ज्यादा परेशानी गृहिणियों को हुई। घर के कई जरूरी कार्य प्रभावित रहे। वहीं पेयजल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मैथन में गुरुवार की रात 1:25 पर पावर कट था। अगले दिन यानी शुक्रवार को 8:5 में पावर आया। इस कारण छह जलमीनारों में पानी नहीं पहुंचा। छूटे हुए स्थानों पर शनिवार को प्राथमिकता के आधार पर जलापूर्ति की जाएगी।

## एसएनएमएमसीएच में मरीज की मौत पर परिजनों का हंगामा

**धनबाद।** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच में शुक्रवार को मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजन, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगा रहे थे। हंगामा देख अस्पताल प्रबंधन व पुलिस सक्रिय हई। परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया गया। बताया जाता है कि मृतक प्रवीण कुमार (75 वर्ष) झरिया के नई दुनिया स्थित देशराज बिल्डिंग के रहने वाले थे। लगभग डेढ़ माह पूर्व वह एनएच-2 जीटी रोड पर सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और 3 दिन पहले उनके दाहिने पैर का ऑपरेशन हुआ था। मरीज को आज सुबह आर्थो से आईसीयू में शिफ्ट किया गया था। तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और मौत हो गई।

## तोपचांची प्रखंड क्षेत्र में टाइफाइड का प्रकोप किशोरी की मौत

**तोपचांची।** तोपचांची प्रखंड के दुमदुमी पंचायत के चलकरी गांव में टाइफाइड से ग्रसित 14 वर्षीय बिरहोर किशोरी चंचला कुमारी की मौत हो गई। यह घटना गांव में टाइफाइड के बढ़ते प्रकोप को उजागर करती है। चंचला कुमारी पिछले कुछ दिनों से टाइफाइड से ग्रसित थी। धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में इलाज के बाद वह परिजनों के साथ घर लौटी थी। बृहस्पतिवार देर रात उसका निधन हो गया। गांव के लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं की कमी का आरोप लगाया है।

## दामोदर घाटी निगम में हिंदी पखवाड़ा

**बेरमो।** दामोदर घाटी निगम बोकारो ताप विद्युत केंद्र में हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर तकनीकी भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं प्रशासनिक शब्दावली लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जामताड़ा में होटल एवं लॉज का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए उठाया कदम**



खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर गुरुवार देर रात्रि अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लांगुरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी एवं पुलिस बल के साथ जिले के विभिन्न होटलों एवं लॉज का निरीक्षण किया गया। उन्होंने होटलों एवं लॉज में 16 से 24 सितंबर तक ठहरने वाले व्यक्तियों की संपूर्ण विवरणी, रहने के प्रयोजन आदि के बारे में रिसेप्शन से जानकारी ली। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा एकता श्री, प्रभात इन, होटल अवध, रजत लॉज, चंदन लॉज, बसंत भारती, देवी भारती लॉज, उत्सव लैंडमार्क, चंदेव लॉज, प्रिया लॉज, जामताड़ा, कृष्णा लॉज, मिहिजाम, आर्या इन मिहिजाम, खालसा लॉज मिहिजाम आदि का निरीक्षण किया गया एवं सभी होटल एवं लॉज संचालकों को एसओपी के अनुसार संचालन एवं अन्य बिंदुओं पर स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए गए। अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार ने बताया कि जिले के सभी होटलों, लॉज आदि के प्रबंधकों को झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के अवसर पर जिले के अतिथिगृह, होटल,लॉज आदि में प्रश्न-पत्र लीक करने वाले गिरोह, प्रश्न-पत्र रटवाने की प्रवृत्ति वाले छात्रों को बरगलाने आदि पर रोक लगाने के आलोक में निदेश दिया गया है कि 16 से 24 सितंबर तक अतिथिगृह ,होटल,लॉज में जो भी व्यक्ति ठहरते हैं, उसकी संपूर्ण विवरणी यथा नाम, पिता का नाम, पूर्ण पता, मोबाइल नम्बर, आगमन का साधन, जिले में आने का उद्देश्य, एड्रेस प्रूफ की छायाप्रति आदि प्रतिदिन संध्या 6 बजे तक ईमेल पर अनिवार्य रूप से भेज दें।

**होटल में रुकने वालों पर रखें पैनी नजर**

होटल, लॉज में रुकने वाले अतिथियों, व्यक्तियों एवं उनसे मिलने जुलने वालों पर पैनी नजर रखें। यदि होटल,लॉज में रुकने वाले किसी भी अतिथि,व्यक्ति का आचरण व्यवहार संदिग्ध प्रतीत हो तो अविलम्ब उसकी सूचना अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी को दें। इस मौके पर संबंधित थाना प्रभारी सहित अन्य मौजूद थे।

# ऐतिहासिक होगा टुंडी का कार्यकर्ता सम्मेलन : दीप नारायण सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**राजगंज।** राजगंज के बी जी एम गार्डन में 22 सितंबर रविवार को टुंडी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को जदयू की ओर से की गई। प्रेस वार्ता में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने कहा कि 22 सितंबर को टुंडी विधानसभा क्षेत्र का कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय नेता शिरकत करेंगे। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य सभा में पार्टी के नेता संजय झा,भवन निर्माण मंत्री, बिहार सह झारखंड के प्रभारी डा अशोक चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री सह पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार,विधान परिषद सदस्य, राष्ट्रीय आवास बोर्ड के अध्यक्ष, झारखंड प्रदेश के सह प्रभारी विजय कुमार सिंह, राज्य सभा में पार्टी के सचेतक और झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो, प्रदेश के पदाधिकारी एवं सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सम्मेलन में आएंगे। इधर ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से लगभग ढाई हजार की आबादी जल संकट झेल रही है।

## पेयजलापूर्ति के लिए ट्रांसपोर्टिंग ठप

**पिछले एक सप्ताह से कॉलोनी वासियों को नहीं मिल रहा है पानी**

मैथन। बीसीसीएल सीवी एरिया 12 की दहीबाड़ी परियोजना के समीप रामकृष्ण कॉलोनी के लोगों के सब्र का बांध आखिरकार टूट ही गया। एक सप्ताह से जल संकट झेल रहे कॉलोनीवासियों ने शुक्रवार को गोलबंद होकर दहीबाड़ी परियोजना में कोयला ट्रांसपोर्टिंग को रोक दिया। लगभग एक घंटे ट्रांसपोर्टिंग ठप होने के बाद बीसीसीएल प्रबंधन के अधिकारी वार्ता के लिए पहुंचे और बहुत जल्द समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया ।

# आदिवासी युवती की हत्या के खिलाफ ग्रामीण भाजपा ने निकाला जुलूस, रोष



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** बरियो की आदिवासी युवती की निर्मम हत्या एवं कथित बलात्कर की घटना के विरोध में धनबाद जिला ग्रामीण भाजपा की ओर से विरोध मार्च निकाल कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया । जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर के नेतृत्व में हरदेव राम स्मृति भवन से जुलूस निकाला गया, जो लाल बाजार तक गया । यहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया । वक्ताओं ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में आदिवासी बहन बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। राज्य का डेमोग्राफी बदल रहा है । नेताओं ने कहा कि बरियो की मृतका के परिजनों के साथ भाजपा खड़ी है । जबतक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता भाजपा चुप नहीं बैठेगी । पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह,महामंत्री मनोज मिश्रा, उपाध्यक्ष मोहन कुंभकार, बलदेव महतो,रतिरंजन गिरि, ओमप्रकाश बजाज, प्रमोद हेम्ब्रम,मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडल, तलेश्वर साव,सुजीत चौधरी,कुमार महतो,महिला मोर्चा की अध्यक्ष दीपा दास, सुमिता दास, रूमा मुखर्जी, बमबम साव,गोविंद राय,महादेव कुंभकार,अमृत दास,शिव प्रसाद पाण्डे, टेकलाल महतो,कार्तिक मिश्रा, अजय गिरि, सूरज पांडेय, कृटी भूषण रुज, अनूप साव,मिथलेश गिरि, कुणाल गोस्वामीअनिल दास,अवधेश सिंह, नवल सिंह चौधरी, खगेन सिंह चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया ।

# महिला की हत्या के खिलाफ भाजपा एसटी मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों आदिवासी महिला की हत्या के विरोध में शुक्रवार को भाजपा एसटी मार्चो ने रणधीर वर्मा चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाया। मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विरेंद्र हांसदा ने बताया कि राज्य में झामुमो, कांग्रेस व राजद कि सरकार खुद को आदिवासी हितैषी मानती है। सूबे के मुख्यमंत्री खुद एक आदिवासी हैं। बावजूद धनबाद, जामताड़ा, गिरिडीह, बोकारो आदि क्षेत्रों में आदिवासी महिलाओं की आए दिन हत्याएं हो रही हैं।। इसे देखने वाला राज्य में कोई नहीं है। सरकार गांव गांव घूमकर मइंया योजना का प्रचार कर रही है। क्या राज्य की माताओं-बहनों की मौत कीकीमत एक हजार रुपया है। यह सरकार नारा देती है कि हेमंत है तो हिम्मत है, हिम्मत सिर्फ इन्हें लाभ पहुंचाने वालों के लिए है। हिम्मत माफिया, गुंडा, दबंगों की है। हम इस सरकार की मनमानी नहीं सहेंगे। पीड़ित परिवार को जल्द न्याय नहीं मिला तो सड़क से सदन तक जोरदार प्रदर्शन करेंगे। इस सरकार को गद्दी छोड़ने के लिए मजबूर कर देंगे।



**एक नजर में**

## कोर्ट और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बनाने के लिए डीएसपी ने की बैठक



**धनबाद।** वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन के निर्देशानुसार पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 2 संदीप गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में समीक्षा बैठक की। डीएसपी ने बैठक में न्यायालय से मिलने वाले आदेश व प्रतिवेदन की समीक्षा की और सम्बंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। डीएसपी संदीप गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए न्यायालय से मिलने वाले प्रतिवेदन पर ससमय कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने सभी मामलों मे तय समय पर गवाही सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। न्यायालय से जुड़े सभी मामलों मे सम्बंधित गवाहों को गवाही की तारीख व समय पूर्व सूचित करने का निर्देश दिया, ताकि गवाह ससमय अदालत में हाजिर हो सके। इसके अतिरिक्त डीएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि न्यायालय से प्राप्त आदेशों, वारंट व कुर्की की कार्रवाई की यथाशीघ्र तामिला की जाए।

## हर्ल सिंदरी यूनिट ने चलाया स्वच्छता अभियान, लोगों को किया जागरूक



**सिंदरी ।** हर्ल सिंदरी यूनिट की ओर से प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता मिशन स्वच्छता ही सेवा के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सिंदरी में जगह जगह बैनर लगाकर लोगों को जागरूक कर अपने आसपास की सफाई पर ध्यान देने का संदेश दिया गया। कैंपेन में डिनोबली स्कूल, के मिडिल स्कूल व अपग्रेडेड हाई स्कूल (एनएसी) के स्कुली छात्र -छात्राओं ने नारा लगाते हुए रैली निकाली और नगर भ्रमण किया। कैंपेन हर्ल सिंदरी के एचआर सैयद मंजुर अली ने अपनी देखरेख में रैली संपन्न कराया। हर्ल एचआर मंसुल जैन ने बच्चों के बीच मिठाईयां बांटी। शुक्रवार को कैंपेन में हर्ल के अधिकारी सहित सुरक्षा गार्ड व विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य व शिक्षक, शिक्षिका भी शामिल हुए। हर्ल सिंदरी वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक ने बताया कि आगामी दिनों में भी हर्ल की तरफ से स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत अपने परिसर की साफ सफाई, वृक्षारोपण, सफाईकर्मियों के लिए हेल्थ चेकअप का आयोजन किया जाएगा।

## फीस जमा नहीं करने पर परीक्षा से रोका

**कतरास।** कांको 8 लेन सड़क के किनारे नगरीकलां स्थित मुख्य मार्ग पर सर्वमंगला पब्लिक स्कूल में प्रबंधन ने निर्धारित समय पर मासिक फीस जमा नहीं करने पर कई छात्रों को परीक्षा देने से रोक दिया तथा उन्हें धूप में खड़ा रहने पर विवश कर दिया। यह खबर पाकर छात्रों के आक्रोशित अभिभावक स्कूल पहुंचे तथा बच्चों के साथ इस अभद्र व्यवहार पर स्कूल प्रबंधन के समक्ष गहरा रोष व्यक्त किया। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन व प्राचार्य पर इसके अतिरिक्त कई गंभीर आरोप भी लगाए। अभिभावकों ने कहा कि बच्चे समय पर फीस जमा नहीं होने के लिए दोषी नहीं हैं। फीस जमा करने में देरी के लिए बच्चों को परीक्षा से रोकने तथा उन्हें धूप में खड़े रखना न्यायोचित नहीं है।

# 540 जवान और पुलिस पदाधिकारी की हुई तैनाती

**जे.जी.जी.एल.सी.सी.ई. - 2023**

खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** कल से शुरू होने वाले झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पीआर 540 से अधिक जवानों एवम पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है। उक्त जानकारी सिटी एसपी अजीत कुमार ने शुक्रवार को यहां दी। परीक्षा को लेकर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार की ब्रीफिंग से छूट गए दंडाधिकारी, सेंटर सुपरिटेंडेंट, फ्लाइंग स्क्वॉड तथा पुलिस पदाधिकारियों के लिए एआज विशेष ब्रीफिंग का आयोजन न्यू टाउन हॉल में किया गया। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने परीक्षार्थियों के लिए सीटिंग प्लान, कोषागार से प्रश्न पत्रों का डिस्पैच, प्रश्न पत्र वितरण की एसओपी, परीक्षा संपन्न होने के बाद प्रश्न पत्रों की सीलिंग, वापस स्ट्रांग रूम में लाना, सुचारू यातायात व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वहीं सिटी एसपी अजीत कुमार ने कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों व जवानों को उनके कार्ययोजना से अवगत कराते हुए कहा कि परीक्षा केंद्रों में तैनात सभी जवान व पदाधिकारी अपने दायित्व का गंभीरता से निर्वाहन करते हुए आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करेंगे। उल्लेखनीय है कि झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा - 2023 में लगभग 29000 से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसका आयोजन शनिवार 21 सितंबर एवं रविवार 22 सितंबर 2024 को जिले के 74 सेंटर पर 3 शिफ्ट में किया जाएगा। पहली शिफ्ट में सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक, दूसरी शिफ्ट सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक एवं तीसरी शिफ्ट में दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## परीक्षा केंद्रों के निकट निषेधाज्ञा लागू

**धनबाद।** 21एवम 22 सितम्बर को को तीन पालियों में होने वाली परीक्षा के शांतिपूर्ण एवम कदाचार मुक्त संचालन के लिएअनुमंडल दंडाधिकारी उदय रजक ने जिले के सभी 74 परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में परीक्षा अवधि तक भा.ना.सु.सं. की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है।निषेधाज्ञा के दौरान परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्रों के अगल-बगल अनावश्यक भीड लगाना, अवैध रूप से मटरगशती करना, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग एवं अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी प्रकार की गतिविधि एवं वस्तु का उपयोग करने आदि पर प्रतिबंध रहेगा। निषेधाज्ञा 21एवं 22 को परीक्षा अवधि में लागू रहेगी।

# धनबाद के चीरागोड़ा में टोटो की चोरी, सीसीटीवी में हुई कैद

**धनबाद।** धनबाद के चीरागोड़ा बिनोद नगर में एक हैरान कर देने वाली चोरी की घटना सामने आई है। गुरुवार की रात, जयंत सिंह चौधरी द्वारा संचालित टोटो के चार्जिंग स्टेशन से तीन टोटो की चोरी कर ली गई। चोरों ने पार्किंग में खड़े टोटो को निशाना बनाया, जहां कुल आठ टोटो पार्क किए गए थे। सीसीटीवी कैमरे में कैद इस वारदात में तीन चोर खिड़की से अंदर घुसते हैं और फिर वहां रखे तीनों टोटो को तोड़कर चुराने लगते हैं। एक चोर बाहर छिपा होता है, जिसे दूसरे सिग्नल देते हैं। इसके बाद वह मैन गेट का ताला तोड़कर सभी टोटो लेकर रफू चक्कर हो जाते हैं। चोरी गई टोटो की कुल कीमत लगभग छह लाख रुपये बताई गई है। जयंत सिंह चौधरी ने धनबाद थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है और सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराया है।

# धनबाद रेलवे अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता



खबर मंत्र संवाददाता

**धनबाद।** रेलवे स्टेडियम में खेले गए मैच में कैरेज एंड वैगन की टीम ने 10- 0 से मेडिकल टीम को पराजित किया। कैरेज टीम के चंद्र मोहन झा पांच गोल, रवि कुमार तीन गोल, बाबूलाल बारी ने एक गोल व सुनील कुमार किस्कु एक गोल किया। दूसरे मैच में इंजीनियरिंग टीम ने 4-0 से इलेक्ट्रिक जी टीम को पराजित किया। इंजीनियरिंग टीम के मिथिलेश कुमार मुर्मू, राजेश कुमार, मनोज मुंडा एवं नागेश्वर कुमार ने एक-एक गोल किए। तीसरे मैच में पर्सनल की टीम ने 5-0 से कमर्शियल टीम को पराजित किया। पर्सनल टीम के उमेश कुमार ने दो गोल, अजीत कुमार ने दो गोल, हरमंदीप ने एक गोल किए। इसमें चिंटू हाजरा, सुरेश किस्कु, दिनेश सोरेन, संजय हेंब्रम, कृष्ण रजक शामिल हैं।

## तोपचांची में निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग



**धनबाद।** असर्फी हॉस्पिटल की ओर से शुक्रवार को निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। तोपचांची प्रखंड के कांदेडीह पंचायत भवन में जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य धनबाद फर्स्ट के तहत समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का प्रारंभिक चरण में ही पहचान करना है। इस अवसर पर असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने कहा हमारा लक्ष्य धनबाद फर्स्ट का मुख्य उद्देश्य 2029 के लिए धनबाद का एक ड्राफ्ट विजन तैयार कर समाज के हर व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। शिविर में कैंसर स्क्रीनिंग के अलावा, रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति तापमान, वजन जैसी अन्य आवश्यक जांच भी की गईं।

## भाजपा की रायशुमारी में उछला महादेव कुमार का नाम, क्षेत्र में खुशी

**धनबाद।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत लटानी बाजार निवासी भाजपा नेता महादेव कुमार का नाम रायशुमारी में आने पर खुशी की माहौल है। वह 1985 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक से जुड़े। इसके बाद साल 2001 में भाजपा में शामिल हुए। भाजपा प्रखंड कमेटी में महामंत्री का दायित्व निभाया। लगातार कई वर्ष भाजपा से जुड़कर अपना दायित्व निभाते रहे हैं। 2024 में दुबारा उन्हें भाजपा ओबीसी मोर्चा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष के पद की जिम्मेवारी दी गई। इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी अन्य राजनीतिक पार्टी का दामन नहीं थामा है।

# उन्नत कृषि तकनीक किसानों के आय में होगा इजाफा




खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी ।** अदानी फाउंडेशन द्वारा किसानों का उत्पादन बढाने के लिए दो दिवसीय क्षमता विकास व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र बलियापुर और धनबाद में शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 5 गांवों के 53 किसान मौजूद थे। एसीसी सीमेंट वर्क्स सीएसआर के तहत किसानों और स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों की आजीविका सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत क्षमता विकास, नकदी फसलों की खेती को बढावा देने, पर्यावरण अनुकूल नवीन कृषि तकनीकों का प्रसार किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञों ने उन्नत बीज का चयन, मिट्टी को तैयार करना, जैविक खाद का प्रयोग, कृषि सिंचाई का आधुनिक तकनीक, कीटों की रोकथाम, खर पतवार प्रबंधन विषयों पर अपने विचार साझा किये। राष्ट्रपति के रांची में कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के शताब्दी समारोह का सीधा प्रसारण भी प्रतिभागियों के बीच किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी धनबाद शिव कुमार, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी डॉ अभिषेक मिश्रा, बी टी एम निर्मल पांडेय ने विभागीय योजनाओं की जानकारी साझा की। वरीय वैज्ञानिक ललित कुमार दास, देवकांत प्रदत्त, डा राजीव कुमार, डा सीमा सिंह, प्रबंधक संजय कुमार ने संचालन किया। सिंदरी अदानी एसीसी सीमेंट वर्क्स के डायरेक्टर प्लांट एल एम के वी श्रीनिवास ने बताया कि अदानी फाउंडेशन किसान समुदाय के उत्थान के लिए प्रयास करता रहेगा।

स्पीड न्यूज

## एसडीडीएस के वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियां



जमशेदपुर। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट और रोटरी सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित सिद्धेश्वर डेफ एंड डम्ब स्कूल (एसडीडीएस) ने अपने वार्षिक उत्सव 2024 का भव्य आयोजन किया, जिसमें छात्रों ने अद्वितीय प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। दीप प्रज्वलन के साथ ज्ञान और प्रकाश का प्रतीक मानकर समारोह का शुभारंभ हुआ। रोटरी क्लब के अध्यक्ष सुब्रजीत बसु ने अपने स्वागत भाषण से उपस्थित छात्रों, अभिभावकों, रोटरी के विशिष्ट अतिथियों और अन्य आगंतुकों का हार्दिक स्वागत किया। इस दौरान रोटरी क्लब और रोटरी सेवा ट्रस्ट के द्वारा विशेष रूप से सक्षम बच्चों की शिक्षा और समावेशिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जेसीएपीसीपीएल के प्रबंध निदेशक अभिजीत नानोटी ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए, विशेष रूप से सक्षम बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया। रोटरी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ जौहर बनर्जी ने विद्यालय के इतिहास और गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर छात्रों ने आदिवासी नृत्य, रवींद्र संगीत नृत्य, योग प्रदर्शन और एक नाटक प्रस्तुत किया। छात्रों की प्रत्येक प्रस्तुति ने छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण को दशार्या, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

## मनोज सिंह पर मुकदमा करेंगे सरयू राय

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, यू-ट्युब चैनल मीडियावाला एक्सप्रेस में साक्षात्कार देकर उनके विरूद्ध अनर्गल एवं बेबुनियाद आरोप लगाने वाले मनोज सिंह पर मुकदमा दायर करेंगे। यू-ट्युब चैनल मीडियावाला एक्सप्रेस ने तीन किश्तों में 10, 11 और 14 सितंबर 2024 को मनोज कुमार का साक्षात्कार प्रसारित किया है, जिसमें अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है और बेबुनियाद एवं तथ्यहीन बातें अमर्यादित शब्दों में कही गई हैं। सरयू राय ने इस मामले मे यू-ट्यूब चैनल मीडियावाला एक्सप्रेस को दो पत्र भेजकर उनसे साक्षात्कार की मूल रिकॉर्डिंग की मांग की है। पत्र में उन्होंने साक्षात्कार लेने वाले प्रियांशु झा से कहा है कि वे साक्षात्कार की बिना संपादित प्रति एवं साक्ष्य अधिनियम की धारा 63 का प्रमाणपत्र उपलब्ध कराएँ ताकि उसका उपयोग साक्षात्कार देने वाले मनोज सिंह के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई में किया जा सके। 14.09.2024 एवं 17.09.2024 को भेजे गए दोनों पत्रों में राय ने कहा है कि प्रश्नगत साक्षात्कार का एकमात्र उद्देश्य समाज में मेरे विरूद्ध मिथ्या भ्रम फैलाना और मेरी छवि धूमिल करना प्रतीत होता है। उन्होंने झा से अनुरोध किया है कि वे प्रश्नपत्र साक्षात्कार की रिकॉर्डिंग की मूल प्रति पत्र प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर मुझे उपलब्ध कराने की कृपा करें, अन्यथा इसमें आपकी भी भागीदारी समझी जाएगी और आप भी कानूनी कारवाई का भागी बनेंगे। उल्लेखनीय है कि इसी तरह की मिथ्या खबर 1996 में पटना से प्राप्त होने वाले उस समय के बड़े प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्रों- आर्यावर्त और इंडियन नेशन ने सरयू राय के विरूद्ध प्रकाशित किया था। राय ने दोनों समाचार पत्रों के संपादकों एवं संवाददाता के विरूद्ध पटना के न्यायालय में मुकदमा किया। प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उन्हें सजा सुनाया। इसी प्रकार उन्होंने एक व्यक्ति के विरूद्ध उनके बारे में अनर्गल बयान देने के लिए 2003 में राँची के न्यायालय में मुकदमा दायर किया जिसमें बयान देने वाले को सजा हुई। इस मामले में भी राय न्यायालय का सहारा लेंगे।

## ब्रह्मोरिया ग्राम में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर कमिटी गठित

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के ब्रहमोरिया ग्राम में दुर्गा पूजा को लेकर कमिटी का गठन किया गया । जिसमें सर्वसम्मति से चंदन तिवारी को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं सचिव राजु तिवारी, कोषाध्यक्ष पपु सिंह, संरक्षक उदय सिंह, सतीश सिंह, महेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, उप सचिव दीपक सिंह ,उप कोषाध्यक्ष राजु सिंह को बनाया गया। इसके अलावे सदस्य पंकज तिवारी, गौरव सिंह, सुनील सिंह ,पवन सिंह, गौतम सिंह, चंदेल सिंह आदि है।

# टाटा स्टील ने कलिंगानगर में भारत के सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस का किया उद्घाटन

27,000 करोड़ रुपये के बड़े निवेश से कलिंगानगर में क्रूड स्टील की उत्पादन क्षमता 3 एमटीपीए से बढ़कर 8 एमटीपीए होने की ओर

**ओडिशा टाटा स्टील के लिए भारत में सबसे बड़े निवेश केंद्र के रूप में उभरा**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**मुंबई/जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने शुक्रवार को ओडिशा के कलिंगानगर में भारत की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस का शुभारंभ किया। इस परियोजना के तहत कंपनी ने 27,000 करोड़ रुपये का भारी-भरकम निवेश किया है, जिससे कलिंगानगर प्लांट की उत्पादन क्षमता 3 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) से बढ़कर 8 एमटीपीए तक पहुंच जाएगी। टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टी. वी. नरेंद्रन ने इस अत्याधुनिक इकाई का उद्घाटन किया, इस अवसर पर कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। नई ब्लास्ट फर्नेस से प्लांट की उत्पादन क्षमता में भारी बढ़ोतरी होगी, जिससे टाटा स्टील को ऑटोमोटिव, इंफ्रास्ट्रक्चर, पावर, शिपबिल्डिंग और रक्षा जैसे प्रमुख उद्योगों की बढ़ती मांगों को प्रभावी ढंग से पूरा करने में सक्षम बनाएगी। इसके साथ ही, यह नई इकाई तेल और गैस, लिफ्टिंग और खुदाई, और निर्माण जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में भी प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्रदान करेगी। चरण कक विस्तारीकरण के साथ, ओडिशा टाटा स्टील के लिए भारत में सबसे बड़ा निवेश केंद्र बनकर उभरा है, जहां पिछले 10 वर्षों में 1,00,000 करोड़ रुपये से अधिक का कुल निवेश किया गया है। इस अवसर पर टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने कहा कि कलिंगानगर में भारत की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस का शुभारंभ स्टील उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो क्षमता, तकनीक और सस्टेनेबिलिटी के नए मानक स्थापित कर रहा है। यह विस्तारीकरण क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देगा और टाटा स्टील की उच्च गुणवत्ता वाले मूल्य-वर्धित स्टील सेगमेंट में नेतृत्व की स्थिति को और मजबूत करेगा। यह हमारी उन्नत इंजीनियरिंग क्षमताओं का उत्कृष्ट उदाहरण है और भारत में निजी निवेश को बढ़ावा देने के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो आत्मनिर्भरता और सतत औद्योगिक विकास के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप है।

टाटा स्टील की ओर से, मैं ओडिशा सरकार का अटूट समर्थन देने के लिए धन्यवाद करता हूं और इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को संभव बनाने में हमारे कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं, वेंडर पार्टनर्स और सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों की सराहना करता हूं। नई ब्लास्ट फर्नेस, जिसका वॉल्यूम 5,870 घन मीटर है, अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जो न केवल लंबी अवधि तक निर्बाध संचालन सुनिश्चित करेगी, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल डिजाइन के साथ स्टील उत्पादन प्रक्रिया को भी अधिक कुशल बनाएगी। यह फर्नेस भारत में पहली बार चार टॉप कम्बशन स्टोव का उपयोग करेगी, जिससे गर्म धातु उत्पादन में इष्टतम ईंधन खपत सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, दो प्रीहीटिंग स्टोव भी लगाई गई हैं, जो दक्षता को और बढ़ाएंगी। टाटा स्टील के इतिहास में पहली बार, ड्राई गैस क्लीनिंग प्लांट स्थापित किया गया है, जिससे बाय प्रोडक्ट गैस से अधिकतम ऊर्जा पुनर्प्राप्ति संभव हो सकेगी। इस फर्नेस में दुनिया का सबसे बड़ा टॉप गैस रिकवरी टरबाइन लगाया गया है, जिसकी 35 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता है और यह अतिरिक्त 10% ऊर्जा पुनर्प्राप्ति में सहायता करेगा। भारतीय ब्लास्ट फर्नेस में पहली बार इवैपोरेटिव कूलिंग सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है, जो प्लांट के स्थान का कुशलतापूर्वक उपयोग करने के साथ-साथ पारंपरिक डिजाइनों की तुलना में जल और बिजली की खपत को लगभग 20% तक कम करेगा। इसके अलावा, ब्लास्ट फर्नेस में वर्षा जल संचयन के साथ जीरो प्रोसेस वाटर डिस्चार्ज प्लान भी होगा।

चरण कक विस्तारीकरण के तहत कलिंगानगर में प्रमुख सुविधाओं में एक पेलेट प्लांट, कोक प्लांट और कोल्ड रोलिंग मिल शामिल हैं, जो अत्याधुनिक तकनीकों और सस्टेनेबल अभ्यासों को अपनाते हैं। यह नई स्टील इकाई आधुनिकतम तकनीक से लैस है, जो मूल्य-वर्धित उत्पादों, परिचालन दक्षता और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी पर केंद्रित है।

### एक्सएलआरआइ में क्लाइमेट चेंज एंड एनर्जी ट्रांजिशन पर दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस आयोजित

# क्लाइमेट चेंज है दुनिया के लिए खतरे की घंटी ग्रीन एनर्जी है बड़ा विकल्प : प्रो ए के बनर्जी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया. क्लाइमेट चेंज एंड एनर्जी ट्रांजिशन विषयक इस कॉन्फ्रेंस में भारत के साथ ही विदेशी यूनिवर्सिटी व कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय इस सेमिनार के दौरान मुख्य रूप से यह बात उभर कर सामने आई कि क्लाइमेट चेंज का खतरा सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर बढ़ा है। इस खतरे को कम करने के लिए जरूरी है कि हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) को बढ़ावा दिया जाए।

इसमें इंडस्ट्री सेक्टर का भी रोल महत्वपूर्ण है। कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन प्रो एके बनर्जी ने कहा कि एकेडमिया और इंडस्ट्री के बीच बड़ा गैप है। क्लाइमेट चेंज को इसमें महत्वपूर्ण स्थान देकर काफी हद तक क्लाइमेट रिस्क को कम किया जा सकता है।

एडीएल की रिपोर्ट 'पावरिंग इंडियाज एनर्जी विजन-2030' में कहा गया है कि भारत को 2030 तक 500 गीगावॉट की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए 300 अरब डॉलर के अतिरिक्त रणनीतिक निवेश की जरूरत है। ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए एकेडमी और इंडस्ट्री दोनों को मिल कर एक साथ काम करना होगा। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन एक्सएलआरआइ के डीन फाइनांस फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने किया।

उन्होंने वैश्विक हितों के मुद्दों पर एक्सएलआरआइ द्वारा संवेदनशील रहने से जुड़ी बातें कही। इस दौरान कई पेपर भी प्रेजेंट किए गए। क्वीन मैरी स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट के प्रोफेसर सुशांत मलिक ने भी कई महत्वपूर्ण बातें रखी। दूसरे दिन का समापन सतत विकास, उद्योग 4.0, प्रोजेक्ट फंडिंग और स्टार्टअप पहल पर एक पैनल डिस्कशन और समापन सत्र के साथ हुआ। पैनलिस्टों में टाटा स्टील, डेलॉइट टौचे तोहमात्सू इंडिया, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और सोसाइटी जनरल के प्रतिनिधि शामिल थे।

पैनलिस्टों ने रणनीतिक विकास और हरित परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए बैंक के साथ महत्वपूर्ण समझौता करने की पहल पर बल दिया। कॉन्फ्रेंस के समापन के अवसर पर बेहतर पेपर प्रस्तुत करने वालों को सम्मानित भी किया गया।

## सड़क निर्माण को लेकर सीएम व मंत्री से मिले विधायक मंगल कालिंदी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत जुगसलाई विधान सभा के बोड़ाम एवं जमशेदपुर प्रखण्ड में विभिन्न पथ के निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराने के संबन्ध में शुक्रवार को विधायक मंगल कालिंदी ने रांची पहुंचकर सीएम हेमंत सोरेन और ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से मुलाकात की और एक मांग पत्र सौपा और निम्नलिखित कार्य योजनाओं का यथाशीघ्र प्रशासनिक स्वीकृति देने की बात मंत्री से कहीं। जिस पर मंत्री ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द इन सड़कों की स्वीकृति दी जाएगी।

## सांसद विद्युत वरण ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन से की मुलाकात

खबर मन्त्र ब्यूरो



**नयी दिल्ली/जमशेदपुर।** सांसद विद्युत वरण महतो ने शुक्रवार को नई दिल्ली में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन एम सुरेश से मुलाकात की एवं धालभूमगढ़ एयरपोर्ट निर्माण के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस संदर्भ में सांसद महतो ने उन्हें एक ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि झारखण्ड राज्य के पूर्वी सिंहभूम जिला अन्तर्गत धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के निर्माण के लिए 24.01.2019 को भूमि पूजन सम्पन्न हो चूका है। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में तत्कालीन नागर विमानन राज्य मंत्री जयंत सिन्हा, तत्कालिन झारखण्ड के मुख्यमंत्री रघुवर दास, तत्कालिन केन्द्रीय विमानन सचिव आर एन चौबे एवं मेरी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ था। धालभूमगढ़ एयरपोर्ट का निर्माण कार्य झारखण्ड सरकार के द्वारा वन एवं पर्यावरण संबंधी स्वीकृति नहीं मिलने के कारण लंबे समय से लंबित है। गत दिनों 24 जुलाई को झारखण्ड सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पत्र संख्या-वन भूमि-12/2024-2911 एवं दिनांक 24/07/2024 के द्वारा इस संबंध में इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

## डीवीसी ग्रिड में खराबी से टाटा स्टील और जुस्को कमांड एरिया में घंटो रहा ब्लैक आउट

**देर रात बहाल हो सकी बिजली**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शुक्रवार की शाम छह बजे अचानक जमशेदपुर शहर की बिजली गुल हो गई। यह सब हुआ डीवीसी ग्रिड में खराबी की वजह से जिससे टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआइएसएल कमांड एरिया की बिजली गुल हो गई।

ब्लैक आउट का असर टाटा स्टील जमशेदपुर के प्लांट पर भी पड़ा। काफी मशक्कत के पश्चात रात्रि 8 बजे से टाटा स्टील एवं अन्य प्लांटों में बिजली बहाल की गई। इसके पश्चात टाटा मेन हॉस्पिटल एवं अन्य आवश्यक सेवाओं वाले क्षेत्र में बिजली री-स्टोर की गई। रात्रि साढ़े नौ बजे तक नागरीय इलाकों में एक के बाद एक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल होने लगी थी। दूसरी ओर, टाटा स्टील ने एक बयान जारी कर सफाई दी है। कंपनी के बयान में कहा गया कि आज शाम, थोड़ी देर के लिए बिजली गुल होने से जमशेदपुर के कुछ इलाके प्रभावित हुए। कुछ इलाकों में बिजली बहाल कर दी गयी।

कंपनी ने कहा कि हमारे आपातकालीन प्रबंधन प्रोटोकॉल के हिस्से के रूप में, हमने ब्लास्ट फर्नेस को सुरक्षित रूप से नष्ट करने की पहल की, गैसों को छोड़ा और भट्ठी को फिर से चालू करने के लिए तत्काल कदम उठाए। कंपनी ने स्पष्ट किया कि कि प्लांट में कहीं कोई आग नहीं लगी है। कंपनी के प्रवक्ता ने अपने बयान में स्पष्ट किया, हम स्पष्ट करना चाहेंगे कि जमशेदपुर वर्क्स में कोई आग नहीं लगी है।

## हॉस्पिटल इंप्लाइज यूनियन और डॉ टी सी जॉन मेमोरियल चैरिटेबल के बीच बोनस पर समझौता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को जमशेदपुर हॉस्पिटल इंप्लाइज यूनियन के अंतर्गत डॉ टी सी जॉन मेमोरियल चैरिटेबल फाउंडेशन की सालाना बोनस पर प्रबंधन एवं यूनियन के बीच एक समझौता हुआ। जिसमें एक महीने की सैलरी के साथ 5000/- एक्सग्रेसिया के रूप में दिया जायेगा एवं साथ ही साथ हर कर्मचारी को एक घड़ी उपहार के रूप में दी जाएगी। इसके बाद कार्यकारिणी के सदस्यो नें अपनी मांगे भी रखीं उस पर प्रबंधन नें विचार करने पर सहमति प्रदान की। इस वार्ता में चीफ मेडिकल ऑफिसर टी एम एच (टिनप्लेट डिवीजन) डॉक्टर रेखा सिंह गांगुली, एच आर विभाग से (सीनियर एरिया मैनेजर, एच आर - बी पी) शिल्पी सिन्हा, डॉक्टर सायतन भट्टाचार्य एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, महामंत्री मनोज कुमार सिंह, पदाधिकारी परविंदर सिंह सोहल, मनी भूषण मोहंती, सोमनाथ पोद्दार, बीरबल मुखी, जोकेस मुखी, प्रशांत महतो ललन सिंह संदीप कुमार उपस्थित थे।

# जमशेदपुर एफसी जीत के बाद मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ घरेलू मुकाबले के लिए तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी शनिवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आईएसएल 2024-25 सीजन के अपने पहले घरेलू मैच में मुंबई सिटी एफसी की मेजबानी करेगी, जो शाम 5 बजे शुरू होगा। सीजन के पहले मैच में एफसी गोवा के खिलाफ जोरदार वापसी कर जीत हासिल करने वाली जमशेदपुर एफसी आत्मविश्वास से लबरेज है और मैदान पर उतरने के लिए तैयार है। टीम का लक्ष्य मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ इस सकारात्मक शुरूआत को आगे बढ़ाना होगा, जिसने अपने पहले मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद मोहन बागान सुपर जायंट्स के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ हासिल किया था। दोनों टीमें लय बनाए रखने के लिए उत्सुक हैं, इसलिए यह मैच एक महत्वपूर्ण मुकाबला होने का वादा करता है। हेड कोच खालिद जमील ने कहा, ?कल का मैच बहुत महत्वपूर्ण है। खिलाड़ियों ने पहले मैच में शानदार खेल दिखाया है और हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमें उस लय को बनाए रखने और इस खेल से अधिकतम अंक हासिल करने की जरूरत है। जमशेदपुर के विदेशी फॉरवर्ड जॉर्डन मरे और जावी सिवेरियो दोनों ने पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था, जबकि मुंबई सिटी एफसी के विंगर पीए नौफाल ने बेंच से उतरकर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला और दो गोल में योगदान दिया। आमने-सामने के मुकाबलों में जमशेदपुर एफसी ने मुंबई सिटी एफसी के चार के मुकाबले छह जीत के साथ बढ़त हासिल की है। पिछले सीजन में जमशेदपुर ने घर से बाहर खेले गए मैच में 3-2 से रोमांचक जीत दर्ज की थी और वे उस सफलता को दोहराना चाहेंगे। खालिद जमील ने कहा कि हमें खुद पर और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना चाहिए। हमें तैयार रहने और अति आत्मविश्वास से बचने की जरूरत है। अगला गेम बड़ा है, खासकर घरेलू मैदान पर, और हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम सकारात्मक परिणाम प्राप्त करें। जमशेदपुर एफसी को दर्शकों की भीड़ की उम्मीद है, क्योंकि लगभग 80 % टिकट पहले ही बिक चुके हैं। टिकट स्ट्रेट माइल रोड स्थित बॉक्स ऑफिस पर उपलब्ध हैं, जो शनिवार को सुबह 9 बजे से रोजाना खुलेंगे।

एक नजर में

## जनता दरबार में डीसी आमजनों की समस्याओं से हुए अवगत, कार्रवाई को लेकर किया आश्वस्त



समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल ने आम लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना । इस दौरान 50 से ज्यादा लोगों ने व्यक्तिगत तथा सामाजिक समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा जिसपर जांचोपरांत यथोचित कार्रवाई हेतु आश्वस्त किया गया। फरियादियों ने दुकान आवंटन, पेंशन भुगतान, निजी स्कूल संबंधी समस्या, राशन कार्ड, भूमि बंदोबस्ती, जमीन का म्यूटेशन, भूमि विवाद समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया जिसपर यथोचित कार्रवाई को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया। इस दौरान कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय पदाधिकारी को अग्रसारित कर समयबद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रखंड के साथ साथ अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन करें।

## पूर्वी सिंहभूम पंचायत समिति संघ का प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री इरफान को सौंपा ज्ञापन



जमशेदपुर। पंचायती राज्य व्यवस्था में पंचायती पंचायत समिति सदस्यों को न्याय संगत मान सम्मान देने की मांग को लेकर आज पूर्वी सिंहभूम पंचायत समिति सदस्य संघ का प्रतिनिधिमंडल जुगसलाई विधायक माननीय मंगल कालिंदी एवम जिला परिषद डॉ परितोष के नेतृत्व में विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी एवं पंचायती राज विभाग के निर्देशिका निशा उरांव से मिलकर पांच सूत्री मांग पत्र सौप उन्हें जल्द पूरा करने का मांग किया। मांगे अग्रलिखित है।

1. पंचायती राज व्यवस्था के अधिनियम के तहत पंचायत समिति सदस्यों को प्रशिक्षण देने की मांग।
2. पंचायती राज व्यवस्था के तहत प्रखंड स्तर पर सारे विभागीय बैठक अनिवार्य रूप से शामिल होना पड़ता है इसलिए सम्मानजनक यात्रा भत्ता की मांग
3. पंचायती राज अधिनियम के तहत सम्मानजनक मानदेय
4. पंचायत समिति सदस्यों को झारखंड सरकार के द्वारा बीमा का लाभ ।
5. पंचायत समिति फंड से लाभुक समिति के विकास कार्य की जो सीमा ढाई लाख रूपए है उसे बढ़ाकर 5 लाख करने संबंधित मुख्य मांग सौंपी गई।

विभागीय मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने पंचायत समिति सदस्यों के सभी मांगों को सुनते हुए उन्होंने अभिलंब पंचायती राज विभाग के निर्देशिका निशा उरांव को इस पर त्वरित समाधान करने का आदेश दिया। तत्पश्चात प्रतिनिधि मंडल निशा उरांव से मिलकर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कुछ मांगों को तुरंत करने का आश्वासन दिया जिसमें बिहार के तर्ज पर पंचायत समिति सदस्यों को सम्मानजनक मानदेय, यात्रा भत्ता,सदस्यों का प्रशिक्षण और बीमा इन मांगों को करने का आश्वासन दिया और अन्य मांगों को विभागीय मंत्री के साथ वातालर्प कर जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा की पूर्वी सिंहभूम जिले के 303 पंचायत समिति सदस्यों को उनका सम्मान दिलाने के लिए महागठबंधन की सरकार दृढ़ संकल्पित है आने वाले दिनों में जो मांगे पूरी नहीं हुई है उसे जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ,पंचायत समिति सदस्य संघ के अध्यक्ष सतबीर सिंह बग्गा, जमशेदपुर प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन, उप प्रमुख शिव हांसदा,सुशील कुमार,रैना पूर्ति,नारायण बेसरा,शिवम कुमार,संगीता पात्रों,मुसाबनी प्रखंड से फुलमनी मुर्मू,हरिशरण महाकुंड,सविता हो, निरंजन पॉल,रमेश सोरेन,पोटका प्रखंड से मंजू सरदार,दीपक कुमार भक्त, सीताराम हांसदा,छवि दास,सरस्वती मुर्मू,अमलिका सरदार, घाटशिला से प्रमुख सुशीला टुडू,रामदास सोरेन,छाया रानी साव,रफीक आलम,मोनी मोहतो,धलभुमगढ़ से प्रदीप राय,दशो मुर्मू,रामजीत हेंब्रम,काजल भालुक,प्रमिला हेंब्रम,रीता रानी ओझा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## श्री श्री दुर्गा पूजा काली पूजा कमेटी सहारा सिटी मानगो की बैठक



श्री श्री दुर्गा पूजा काली पूजा कमेटी सहारा सिटी मानगो जमशेदपुर सन 2005 में स्थापित हुआ था और 2024 में यह 18 वर्ष पूरा कर रहे हैं, यह पूजा हमारा कलश स्थापना से लेकर विजयदशमी 10 दिन तक होती है, इसमें कॉलोनी के सभी महिलाएं बच्चों के द्वारा सम्मिलित होकर यह पूजा को मानते हैं, इस कॉलोनी की खासियत यह है कि इस कॉलोनी में हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी धर्म के लोग रहते हैं और उनके बच्चे के द्वारा पूजा में किए जाने वाले प्रोग्राम में भाग लेते हैं और पूजा में सहयोग प्रदान भी करते हैं, हम सभी का यह मानसा रहता है कि कोई गरीब बच्चा भूख ना सोए और पूजा मनाने में वंचित न रहे, सुरक्षा दृष्टिकोण से महिलाओं सुरक्षित रहे यह मनसा इस बार हमारे कमेटी की ओर से प्राथमिकता रहेगी, इस बार तीनों दिन भोग का प्रबंध रहेगा साथ ही पूजा समाप्त होने पर विजय मिलन का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें कॉलोनी के सभी लोग परिवार के साथ आकर भोजन का आनंद लेते हैं, इस बार की कमेटी इस प्रकार है संजीव कुमार मिश्रा (अध्यक्ष) एस एन पाल (उपाध्यक्ष) अभिषेक परमार (सचिब) रणजीत सिंह (उपसचिव) केश्वर साहू (कोषाध्यक्ष) साधु शरण सिंह (उप कोषाध्यक्ष) आदि मौजूद थे।

## जमशेदपुर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधि मण्डल डीटीओ से मिला



जमशेदपुर। ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव के नेतृत्व में जिला परिवहन पदाधिकारी जमशेदपुर से उनके कार्यालय में माल वाहक वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संदर्भ में मिला। उन्हें इस संदर्भ में एक ज्ञापन एसोसियेशन की ओर से दिया गया। जिसमें निम्नलिखित मांगे शामिल है :- 1)झारखंड सरकार के आदेशनुसार विगत 2 वर्षों में जिन मालवाहक वाहनों का रजिस्ट्रेशन दूसरे राज्य में था उसका निबंधित राज्य से एनओसी लेकर जमशेदपुर झारखन्ड में नया रजिस्ट्रेशन किया गया,साथ ही नया नंबर जारी किया गया।उस गाड़ी को हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट जारी नहीं किया जा रहा है। 1अप्रैल 2019 के पहले की जो भी माल वाहक गाड़ियां है उसे भी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं जारी किया जा रहा है।

# लाभुक ने डीलर पर लगाया राशन गबन करने का आरोप



जानकारी देते लाभुक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के दासीपुर ग्राम के डीलर रामविलास बैठा पर लाभुक का 2 महीना का राशन गबन करने का आरोप लगाया गया है। बताते चले की आदिवासी टोला के चेरवानी टोला के ग्रामीणों ने मुख्यालय पहुंचकर डीलर रामविलास के खिलाफ नारे लगा कर डीलर के विरुद्ध कार्रवाई करने का गुहार लगाया। साथ ही 2 महीने का राशन का मांग कर दूसरे डीलर के पास आवंटन करने का आग्रह किया। लाभुकों ने कहा कि जब हमलोग डीलर के पास राशन लेने जाते हैं, तो डीलर और उनके नाती के द्वारा कहा जाता है कि जिनको जहां जाना है जा सकते हैं, मुझे किसी से डर नहीं है। केतार प्रखंड के सभी डीलरों के द्वारा लाभुक का राशन में 2 किलों से 5 किलों तक कटौती कर दिया जाता है।

इस संबंध में प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने कहा कि डीलर द्वारा 2 महीने का राशन गमन का आरोप जो लगा है। इसकी जानकारी मुझे नहीं था। जांचोपरांत दोषी पाए जाने पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। डीलर ने कहा कि अगस्त और फरवरी माह का राशन मुझे नहीं मिला है। जो कुछ राशन मेरे पास था वो भी मुखिया एवं ग्रामीण के साथ बांट दिया गया है। केतार गोदाम ऑपरेटर ने बताया की अगस्त माह का राशन डीलर को नहीं मिला है। मौके पर चंद्रावती देवी, देवकाली देवी, चंपा देवी, रजवंती देवी, शांति देवी, बिगनी कुअर, मनु चेरो, सोना चेरो, सुखाडी चेरो, रामसूरत चेरो, झलू चेरो, राजकुमार चेरो, भोला चेरो, बबन चेरो आदि उपस्थित थे।

# आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं को जेल में झूठे केस में डाला गया : मंटू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के बोदरा गांव स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में पार्टी के पूर्व जिला संयोजक सह जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता के दौरान बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला संयोजक आप नेता मंटू पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी हेतु रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान आप नेता सह जिप सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी कट्टर देशभक्तों की पार्टी है। इसके सभी नेता एवम कार्यकर्ताओ में पार्टी के प्रति कट्टरता समाहित है। कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बिना सबूत के भारतीय जनता पार्टी ने जेल में डाल दिया था और बेगुनाही के कारण माननीय अदालत ने उनको बरी कर दिया। उसके पश्चात उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देकर जनता के न्यायालय में चले गये। कहा की जनता के जनादेश पर ही मैं दिल्ली का मुख्यमंत्री या देश का प्रधानमंत्री बनूंगा। आप नेता मंटू पांडेय ने कहा कि झारखंड में विधानसभा चुनाव की काउंटडाउन शुरू हो चुकी है। निश्चित रूप से लगभग सारे राजनीतिक दल के लोग चुनावी तैयारी में लगे हैं। भाजपा द्वारा लगातार आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं को जेल में झूठे केस में डाला गया। ताकि पार्टी टूट जाए, लेकिन ठीक इसके विपरीत पार्टी और मजबूती से उभरी। प्रेस वार्ता के दौरान रितिक कुमार सिंह, रामगहन चंद्रवंशी एवं सोमनाथ राम उपस्थित थे।


प्रेस कांफ्रेंस करते लोग।

## स्पीड न्यूज

### आईटी रेड के डर से बंद हुए प्रतिष्ठान

**रमना।** आयकर विभाग (आईटी) के रेड के डर से व्यवसायिक दुकान शुक्रवार दोपहर रमना प्रखंड मुख्यालय के अधिकांश व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद थे। जिसके कारण दुर-दराज से आए ग्राहकों में खलबली मच गई। लोग कुछ समझ पाते कि तबतक धड़ाधड़ दुकानों के सटर गिर गए। आयकर विभाग पलामू की टीम को शुक्रवार को श्री बंशीधर नगर जाने की सूचना पर अप्राह्न तीन बजे अचानक रमना के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के सटर गिरने लगे। हलांकि पौने चार बजे के बाद बंद दुकाने के सटर खुलने के बाद बजार समान्य हुआ। रमना-डंडई मार्ग मे सरकारी शराब दुकान पर थोड़ी देर के लिए आयकर विभाग के वाहन रुकने की चर्चा भी लोगो में है।

### इनकम टैक्स ऑफिसर की आने की सूचना पर व्यवसाईयों में हड़कंप

**मझिआंव।** मझिआंव में इनकम टैक्स एवं सेल टैक्स देने वालों की पोल खुल गई। इनकम टैक्स ऑफिसरों की आने की सूचना पर व्यवसाईयों में हड़कंप मच गया। ऑफिसरों के आने की सूचना पाते ही व्यवसाईयों ने अपनी दुकान की शटर को सटा सट बंद कर चंपत हो गए। दुकान के शटर बंद होते ही लोगों के बीच की किबदंतियां होने लगी और तरह-तरह की चर्चा के दौरान लोगों ने कहा कि मझिआंव में भी सेल टैक्स एवं इनकम टैक्स चोरी करने वालों की संख्या काफी तादाद में हो गई है। जिसके कारण सरकार को करोड़ों रुपए राजस्व की हानि हो रही है। विदित हो कि गढ़वा जिला के रमना एवं बंशीधर नगर में इनकम टैक्स ऑफिसरों की छापामारी के बाद विशुनपुरा होते हुए मझिआंव आने की सूचना से मझिआंव में व्यवसाईयों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

### जब्त राशि बैंक ऋण है : मनोरमा

**गया।** जनता दल यूनाईटेड (जदयू) की पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी ने आज कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उनके घर से जो नकद राशि जब्त की गई वह बैंक से लिया गया ऋण है। श्रीमती मनोरमा देवी ने संवाददाताओं को यहां बताया कि गुरुवार को अचानक 6:00 बजे सुबह में एनआईए के टीम के अधिकारी आ पहुंचे और तलाशी लेने लगे। हमलोगों ने उनका पूरा सहयोग किया। उन्होंने कहा कि जो रुपये छापामारी के दौरान जब्त किए गए हैं वह बैंक से ऋण लिए गए थे। उसका पूरा हिसाब किताब है, जिसकी विस्तृत जानकारी हमारे चार्टर्ड अकाउंटेंट दे देंगे।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव ने लगवाया ट्रांसफार्मर


ट्रांसफार्मर लगवाते ब्रह्मदेव प्रसाद।

**कांडी।** प्रखंड के पंचायत घटऊवा कला में सेतो गांव के ग्रामीण जनता को पिछले 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मानो जैसे सारी काम अधूरा पड़ गया हो मोबाइल चार्ज करने के लिए भी लोगो को कोई सुविधा नहीं मिल रहा था। सबसे खास बात जो यह ही की बच्चों को पढ़ने में काफी असुविधा हो रही थी पर किसी ने भी उनका आवाज नहीं सुना जैसे ही यह बात ओ.बी.सी. एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद (बी. डी. प्रसाद) को पता लगा कि वहां के ग्रामीण जनता अंधेरे में जैसे तैसे जीवन काट रहे हैं उन्होंने तुरंत वहां के ग्रामीण जनता को ट्रांसफार्मर देने का कार्य किया।

## झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त परीक्षा के दौरान धारा 163 लागू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त परीक्षा 2023 का आयोजन 21 व 22 सितंबर को पूर्वाह्न 08:30 से अपराह्न 05:00 बजे तक तीनो पालियों में जिले के कुल 19 परीक्षा केंद्रों पर झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 आयोजित है। परीक्षा गढ़वा अनुमण्डल क्षेत्र अंतर्गत कुल 18 एवं श्री बंशीधर नगर अनुमण्डल अंतर्गत कुल 01 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जायेगी। इसके लिए परीक्षा केंद्रों के चहारदिवारी से 50 मीटर की चर्तुदिक दूरी तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (पूर्व की धारा 144) लागू कर दी है। यह निषेधाज्ञा 21 सितंबर एवं 22 सितंबर को पूर्वाह्न 06:00 बजे से अपराह्न 07:30 बजे तक लागू रहेगा। इस दौरान परीक्षा केन्द्र के चहारदीवारी से 50 मीटर की चतुर्दिक दूरी में कहीं भी अनाधिकृत रूप से कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं करेंगे। इसके साथ ही परीक्षा केन्द्र के आस-पास किसी प्रकार का शोरगुल की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा परीक्षा केन्द्र के आस-पास लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जायेगा। किसी प्रकार का प्रचार-प्रसार, ढोल-नगाड़ा आदि वाद्य यंत्रों का प्रयोग नही किया जायेगा। साथ ही परीक्षा केन्द्र एवं आस-पास किसी भी प्रकार का हथियार, आग्नेयास्त्र, ज्वलनशील पदार्थ लाना सर्वथा वर्जित होगा। परीक्षा के अन्दर परीक्षार्थी को मोबाईल फोन, पेजर, कैलकुलेटर, ब्लुटूथ, ईयरफोन, डिजिटल डायरी, लॉग बुक, पुस्तक, नोट बुक, बैग इत्यादी इलेक्ट्रोकनिक यंत्र लाना (परीक्षा कार्य में लगे कर्मी को छोड़कर) पूर्णतया वर्जित होगा। उपरोक्त सभी शर्तो का उल्लंघन करने वाले परीक्षार्थी, व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुकूल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर एक नजर में

### शॉर्ट सर्किट की समस्या से बिजली हो रही है बाधित


बिजली बनाते कर्मी।

**भवनाथपुर।** सेल के आवासीय परिसर में रहने वाले लोग हिटर और समरसेबल का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। बताते चलें की रेहला ग्रिड से 33 हजार केवी का बिजली सप्लाई तो सेल का चालू है। परंतु सेल परिसर में पुराने बिजली के केबल और ट्रांसफार्मर बिलकुल जर्जर हो चुके है। जिसके कारण हिटर और समरसेबल के उपयोग करने के कारण उक्त बिजली केबल और ट्रांसफार्मर पर जोर पड़ने के कारण बराबर सॉर्ट सर्किट की समस्या होने से बिजली बाधित हो जा रही है। अभी वर्तमान में भवनाथपुर चुना पत्थर खदान सेल को हेड कार्यालय से अतरिक्त फंड राशि नहीं मिलने के कारण किसी तरह बिजली विभाग के द्वारा मरमती से बिजली सेवा बहाल है। सेल के बिजली कर्मियो ने बताया की अगर सेल परिसर में रहने वाले लोग खाना बनाने के लिए हिटर और पानी के लिए समरसेबल का उपयोग पूर्णतः बंद नहीं करते है तो ऐसे में कभी भी बिजली सेवा लंबे समय के लिए बंद हो सकती है।

### एनआईए का गया और कैमूर में छापा, 10 हथियार और 4.03 करोड़ नकद बरामद

**पटना/गया।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीपीआई (माओवादी) मगध जोन मामले में आज बिहार के गया और कैमूर जिले के पांच ठिकानों पर छापेमारी कर 10 हथियार, 4.03 करोड़ रुपये नकद, आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद किए। एनआईए की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि बिहार के गया और कैमूर जिलों में कुल पांच स्थानों पर छापेमारी की गई। इस छापेमारी का उद्देश्य मगध क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन को पुनर्जीवित करने और मजबूत करने की सीपीआई (माओवादी) की साजिश को विफल करना था। इस साजिश मामले में तीन संदिग्धों के घरों और कार्यालय परिसरों में छापेमारी की गई। इस क्रम में एनआईए ने पाया कि तीनों मगध क्षेत्र में अपनी नक्सली गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए सीपीआई (माओवादी) के नेताओं को धन और रसद सहायता प्रदान करने में शामिल थे।

### कस्तूरबा की दो छात्राओं की स्वास्थ्य खराब

**कांडी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कांडी में एक ही दिन दो छात्राओं की स्वास्थ्य खराब होने की मामला आया है। विदित हो कि शुक्रवार की सुबह में विद्यालय की वर्ग 12 की छात्रा 14 वर्षीय काजल कुमारी पिता लल्लू पासवान को सांस लेने में परेशानी होने लगी। समस्या होती देख विद्यालय की वार्डेन आर उषा कुमारी ने स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र कांडी ले गई। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मझिआंव भेज दिया। उसके बाद विद्यालय की ही 10वीं की 15 वर्षीया छात्रा पायल कुमारी पिता मोती रजवार की तबियत विद्यालय में एल्बेंडाजोल की दवा खाने के बाद हो गई। जिसे तुरंत ही स्वास्थ्य केन्द्र कांडी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद पायल को भी मझिआंव रेफर कर दिया गया। इस संबंध में विद्यालय की वार्डेन आर उषा कुमारी ने कहा कि दोनों छात्राओं की स्वास्थ्य में सुधार है दोनों के परिजनों को सूचना दे दिया गया है।

### जमुई : फर्जी आईपीएस गिरफ्तार

**जमुई।** बिहार में जमुई जिले की सिकंदरा थाना पुलिस ने शुक्रवार को वर्दी पहनकर खुद को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) का अधिकारी बताने वाले फर्जी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि लखीसराय जिले के हलसी थाना क्षेत्र के गोवर्धन बीघा गांव निवासी फर्जी आईपीएस मिथिलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

### आगजनी के मामले में थानाध्यक्ष लाइन हाजिर, 28 लोगों पर प्राथमिकी

**नवादा।** बिहार में नवादा जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कृष्णानगर दलित बस्ती में हुई आगजनी की घटना में 28 लोगों के खिलाफ जहां प्राथमिकी दर्ज की गई है वहीं, मुफस्सिल थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर किया गया है। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को यहां बताया कि इस मामले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास तीन देसी कट्टा और कारतूस और खोखा बरामद किया गया है।

### नगर परिषद के स्टोर रूम में आग लगने से 15 लाख रुपए की संपत्ति जलकर नष्ट

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित सुपौल नगर परिषद के स्टोर रूम में शुक्रवार की सुबह आग लगने से 15 लाख रुपए मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सुपौल नगर परिषद के स्टोर रूम में आज सुबह अचानक आग लग गयी। घटना की जानकारी के बाद दमकल की टीम ने मौके पर आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गढ़वा के 13 किक बॉक्सर होंगे शामिल

**मंत्री ने दी शुभकामना**



चयनित खिलाड़ी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** धनबाद में आगामी 21 से 22 सितंबर तक आयोजित ओपन राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गढ़वा के 13 किक बॉक्सर खिलाड़ी भाग लेंगे। जानकारी देते हुए किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में पुण्य प्रसून, झूलन कुमारी, प्रकृति आनंद देव, समीर कुमार, अमर कुमार, रामेश्वर विश्वकर्मा, समीर कुमार चैबे, शुक्रि कुमारी, सविता कुमारी, फिजा सिद्दकी, काजल तूफान, सुमित्रा कुमारी एवं सुप्रिया कुमारी का नाम शामिल है।

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की शुभकामना दी है। शुभकामना देने वालों में गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार, गढ़वा जिला किक बॉक्सिंग संघ के संरक्षक संजय कुमार सिंह, अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव मनोज संसाई, वरीय उपाध्यक्ष जेबी थापा, उपाध्यक्ष अमित कुमार, अरविंद दुबे, प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह सह सचिव गणेश कुमार, अभय कांत, राजकुमार राम अजीत कुमार, गुलाब पासवान, रिया कुमारी, अनिल, गढ़वा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक अनिता दत्त, राकेश पाल, रेखा चैबे, उदय नारायण तिवारी, सचिव आलोक मिश्रा, उमेश सहाय, विजय केशरी, रामप्रवेश तिवारी, नितिन तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, जितेंद्र सिन्हा, प्रीतम गोंड, मनीष केशरी, उत्तम केशरी, राघवेंद्र नारायण सिंह, विधायक प्रतिनिधि खेल कूद विभाग धीरज दुबे, अरविंद कुमार, राजन केशरी, किशोर कुणाल, चंद्र बहादुर सिंह, इंद्र बहादुर सिंह, राजेश चंद्रवंशी, संतोष कुमार, शिवकुमार, अजयकांत, सुशील तिवारी आदि का नाम शामिल है।

## कांडी में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग


पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय कांडी में सरकारी डिग्री कॉलेज का नहीं होना गरीबों के लिए अभिशाप है। आजतक इस दिशा में न तो किसी ने सोचा और न पहल की। जिसका नतीजा है कि गरीब मजदूर व किसान की संतान डिग्री की पढ़ाई नहीं कर पाती। कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया सह भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद प्रसाद ने कहा कि आज शिक्षा की दुकानदारी सबसे बड़ा व्यापार हो गया है। इस दुकानदारी की चक्की में पिसने के लिए निम्न, निम्न मध्य व मध्य वर्ग लाचार हो गया है। छोटे स्कूलों से लेकर उच्च शिक्षा संस्थानों में कड़ी दुकानदारी हो रही है। वैसे गावों में सरकारी स्तर पर प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल व प्लस टू स्कूल खुल जाने से आलोच्य वर्ग को राहत है। लेकिन इंटर की पढ़ाई के बाद डिग्री की पढ़ाई में ब्रेक लग जाता है। क्योंकि प्राइवेट डिग्री कॉलेज में अपने बेटे बेटियों को पढ़ा पाना गरीब के बूते की बात नहीं है। विनोद प्रसाद ने कहा कि इन कॉलेजों में पढ़ाई से अधिक अनाप शनाप फीस की वसूली पर ज्यादा ध्यान रहता है। जो गरीबों के वश की बात नहीं है। यदि प्रखंड मुख्यालय कांडी सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना हो जाए तो गरीब भी अपने बेटे बेटियों को आराम से बीए तक पढ़ा सकते हैं। लेकिन आज तक इस अति आवश्यक विषय को किसी जन प्रतिनिधि ने छूने की भी कोशिश नहीं की। उल्टे शिक्षा की दुकानदारी करने वाले लोग भी गरीबों के लिए उच्च शिक्षा सुलभ करा देने का दावा करते नहीं थकते। पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता विनोद प्रसाद ने झारखंड के शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम व गढ़वा जिला के उपायुक्त शेखर जमुआर तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा से कांडी में सरकारी डिग्री कॉलेज खोलने की मांग की है।

## मोटर पंप चालू करने के दौरान करंट लगने से महिला की मौत


घटनास्थल पर उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के ओबरा गांव निवासी बचूं मेहता अपनी पत्नी, पुत्री और पुत्र सहित चार सदस्य बभनी गांव के हरईयादामर टोला पर रह रहे थे। जहां पर पत्नी लगभग 40 वर्षीय कांती देवी के बिजली करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने रो-रोकर बुरा हाल हो गए हैं। परिजनों ने बताया कि यह घर में अकेले थे उनके बच्चे स्कूल पढ़ने गए हुए थे और बर्तन धोने के लिए बर्तन निकाल कर बाहर रख दिए और मोटर पंप चालू करने के दौरान दाहिने हाथ के अंगूठा में करंट लग गया। जहां पर उनकी मौत हो गई। दाहिने हाथ में जला हुआ का निशान है। घटना के खबर गांव में फैल गई और देखने के लिए महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग के काफी भीड़ लग गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घटना का पूरी जानकारी लेते हुए कागजी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम हेतु गढ़वा भेजा गया।

## पूर्व विधायक बीमा भारती के आवास पर हुई कुर्की जब्ती



**एजेंसी**

**पूर्णिया।** राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रुपौली की पूर्व विधायक बीमा भारती के भिट्ठा स्थित आवास पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में कई थानों की पुलिस मौजूद रही। यह कार्रवाई चर्चित गोपाल यदुका हत्याकांड से जुड़े मामले में की गई है। गोपाल यदुका हत्याकांड में बीमा भारती के पति अवधेश मंडल और पुत्र राजा मंडल अभियुक्त हैं। हाल ही में अवधेश मंडल ने पूर्णिया व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था, जबकि उनका पुत्र राजा मंडल अभी भी फरार है। इसी मामले में कोर्ट के आदेश पर कुर्की जब्ती की प्रक्रिया की गई है। पूर्णिया के पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा, पूर्व विधायक बीमा भारती के पति और पुत्र पर वारंट निकला हुआ था। पति अवधेश मंडल ने आत्मसमर्पण किया था, जबकि पुत्र राजा फरार चल रहा था। कोर्ट के आदेश के बाद यह कुर्की जप्ती की प्रक्रिया की गई है। इस घटनाक्रम ने स्थानीय राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। बीमा भारती राजद की वरिष्ठ नेता हैं और उनके परिवार के इस मामले में शामिल होने से पार्टी की छवि पर असर पड़ सकता है। हालांकि, अभी तक बीमा भारती की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कार्रवाई काफी समय से प्रतीक्षित थी। गोपाल यदुका हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी और लोग न्याय की मांग कर रहे थे।

## पेज एक का शेष

### सरकारी कर्मचारियों ...

जन्म एवं मृत्यु निबंधन में संशोधन की स्वीकृति। किसानों से धान खरीद अधिप्राप्ति के लिए राज्य सरकार की ओर से दी जानेवाली 100 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की राशि के लिए 60 करोड़ की स्वीकृति। भवन एवं कर्मकार निबंधन नियमावली 2006 में संशोधन की स्वीकृति। मिशन शक्ति के तहत सखी निवास के कार्ययोजना की स्वीकृति। जल सहिया को स्मार्टफोन उपलब्ध कराने के लिए 34 करोड़ 40 लाख की स्वीकृति, राज्य में 29604 हैं जल सहिया जिन्हें 12 हजार मोबाइल के लिए डीबीटी माध्यम से राशि दी जायेगी।

### एक-एक घुसपैठिये...

श्री शाह ने कहा कि सरकार बनी तो 63 हजार गांवों को सड़क से जोड़ा जायेगा। 75 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का 10 लाख रुपये तक का इलाज निशुल्क होगा। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, विधायक अमित मंडल, पूर्व विधायक ताला मरांडी व लोबिन हेम्ब्रम, बजरंगी यादव, गणेश तिवारी आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिवारी बिषहरा मंदिर का किया उद्घाटन

**एजेंसी**

**सहरसा।** जिले के कहरा प्रखंड अंतर्गत अति प्राचीन दिवारी स्थित बिषहरा भगवती मंदिर का शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री अपने निर्धारित समय से थोड़ा पूर्व ही मंदिर पहुंचे। वे मंदिर में लगभग 15 मिनट रूकने के बाद अमरपुर के लिए रवाना हो गये।उनके साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री संजय झा भी पहुंचे। कहरा प्रखंड क्षेत्र के महंथ मिट्ठू दास प्लस टू उच्च विद्यालय में बने हेलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री सुरक्षा काफिले के साथ तत्काल दिवारी के लिए रवाना हो गये, जहां मंदिर परिसर में सांसद दिनेश चंद्र यादव, मंत्री रत्नेश सादा, विधायक गुंजेश्वर साह, डॉक्टर आलोक रंजन ने अगुवानी की एवं गुलदस्ता सौंप अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीधे मंदिर के बाहरी चबूतरा पर लगे शिलापट का अनावरण किया।साथ ही गर्भगृह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। जिसके बाद मंदिर परिसर में बने कुआं का भी अनावरण कर पोखर का निरीक्षण किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने स्वागत के लिए कतारबद्ध गण्यमान्यों से मिलकर अमरपुर के लिए रवाना हो गये। इधर उनके इंतजार में घंटों से पंडाल में बैठे स्थानीय लोगों सहित बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ता उनके एक झलक से भी वंचित रह गये। जबकि उनके संबोधन के लिए मंच तैयार किया गया था लेकिन दूर से ही मुख्यमंत्री वापस हो गये। मौके पर जिला प्रभारी मंत्री सह भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जयसवाल, विधायक डॉ आलोक रंजन, पूर्व विधायक डॉ अरूण कुमार, जदयू जिलाध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया, जदयू वरिष्ठ नेता घनश्याम चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह, जदयू नेता जयप्रकाश यादव, नीतू कुमारी, मुकेश कुमार यादव, रिंकी देवी, रेणु झा, प्रो सिंह, प्रो हरिनारायण यादव सहित हजारों की संख्या में एनडीए नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।



स्पीड न्यूज

## अमेरिका में जज की गोली मारकर हत्या

**वाशिंगटन।** अमेरिका में स्कूलों के बाद अब तो कानून के मंदिर में भी खून बहने लगा है। पूर्वी केंटकी काउंटी के जिला जज की हत्या से लोग सकते और दहशत में हैं। एक ग्रामीण इलाके के शेरिफ ने गुरुवार दोपहर कोर्ट रूम में घुसकर जिला जज की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपित शेरिफ ने आत्मसमर्पण कर दिया। लेचर काउंटी के शेरिफ 43 वर्षीय मिकी स्टाइन्स ने 54 वर्षीय जिला जज केविन मुलिंस को गोली मारने के बाद आत्मसमर्पण कर दिया।

## चीन ने छह उपग्रहों को किया प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से छह नए उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे। जिलिन-1 कुआनफू 02बी 01-06 उपग्रहों को लॉन्ग मार्च-2डी वाहक रॉकेट पर स्थानीय समयानुसार अपराह्न 12:11 बजे प्रक्षेपण किया गया। सभी उपग्रहों का सफलतापूर्वक पूर्व निर्धारित कक्षा में प्रवेश हुआ। यह प्रक्षेपण लॉन्ग मार्च वाहक रॉकेट श्रृंखला का 536वां उड़ान मिशन है।

## बांगलादेश के पूर्व योजना मंत्री गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व योजना मंत्री एवं अवामी लीग के वरिष्ठ नेता एमए मन्नान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डेली स्टार की रिपोर्ट ने शुक्रवार को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि शेख हसीना सरकार में 2014 से 2024 तक मंत्री रहे श्री मन्नान को सुनामगंज जिले में उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

## इजरायल ने हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर किया हमला

**बेरूत ।** इजरायल ने लेबनान में हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर हवाई हमला किया। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गुरुवार को कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह आंदोलन से संबंधित लगभग 100 रॉकेट लॉन्चर और सुविधाओं पर हमला करके हमलों की एक श्रृंखला पूरी कर ली है। इससे पहले दिन में आईडीएफ ने कहा कि उसने हिज्बुल्लाह के लगभग 30 रॉकेट लॉन्चर और बुनियादी ढाँचे के ठिकानों पर हमला किया है। आईडीएफ ने कहा कि दोपहर से आईडीएफ ने लगभग 100 लॉन्चर और अतिरिक्त आतंकवादी बुनियादी ढाँचे के ठिकानों पर हमला किया है जिसमें लगभग 1000 बैरल शामिल हैं ।

## ईओएस-08 ने शुरू किया अपना मिशन

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-08 ने अपना मिशन शुरू कर दिया है। इसरो ने कहा कि इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रारेड ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड और एसआईसी यूवी डोसिमीटर के साथ ईओएस-08 अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र द्वारा विकसित एक अत्याधुनिक पेलोड है। इसरो ने इसे 16 अगस्त को एसएसएलवी की तीसरी उड़ान के माध्यम से प्रक्षेपित किया था। ईओआईआर पेलोड उन्नत मिड-वेव इंफ्रारेड और लॉन्ग-वेव इंफ्रारेड चैनलों से लैस है जो उच्च प्रदर्शन के साथ थर्मल इमेजिंग तकनीक में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है।

चुनावी दर्पण
ईचागढ़ विधानसभा

# जयराम बिगाड़ेंगे बीजेपी व आजसू का खेल

## झामुमो की भी बढ़ सकती है चुनौती

**सत्येन्द्र**




**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा अभी तक चुनाव आयोग ने नहीं की है। इसके बावजूद राजनीतिक दलों ने 81 विधानसभा सीटों पर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव की घोषणा से पहले ही सभी पार्टियां अपने-अपने प्रभाव वाली सीटों को साधने में जुट गई हैं। फिलहाल, एक तरफ एनडीए ब्लॉक में भाजपा और आजसू हैं तो दूसरी तरफ इंडिया ब्लॉक में झामुमो, कांग्रेस, राजद और भाकपा माले। संभव है कि आने वाले समय में जदयू और चिराग पासवान की पार्टी लोजपा के आने से एनडीए का कुनबा और बड़ा हो जाए। ऐसा होता है तो सीटों की संख्या को लेकर कॉम्प्रोमाइज ही एकमात्र विकल्प होगा। इसके बावजूद कुछ सीटें ऐसी हैं जहां भाजपा और आजसू का अपना-अपना जनाधार है, जो खींचतान का कारण बनने लगा है। कुर्मी बहुल्य सीट ईचागढ़ अभी से ही हॉट सीट बन गयी है।

यह क्षेत्र सरायकेला-खरसांवा जिला में होने के बावजूद रांची संसदीय सीट का हिस्सा है। इस सीट से उम्मीदवारी को लेकर आजसू और भाजपा में खींचतान शुरू है। वहीं जेबीकेएसएस की इंट्री ने पूरा समीकरण बिगाड़ दिया है। इससे झामुमो की चुनौती बढ़ गई है।

**आजसू भी ठोक चुका है दावा:** दिलचस्प बात यह है कि इस सीट पर आजसू की पैनी नजर है। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने पिछले माह चांडिल प्रखंड के भादुडीह में विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में कह दिया है कि इस सीट पर नाम वाला नहीं बल्कि हरेलाल महतो जैसा काम वाला विधायक चाहिए। तत्कालीन समय में आजसू के बयान पर बीजेपी ने नराजगी जाहिर की थी।

भाजपा यहां से अरविंद कुमार सिंह उर्फ मलखान सिंह को चुनाव मैदान में उतारना चाहती है। दरअसल, अरविंद कुमार सिंह इस सीट से तीन बार विधायक रह चुके हैं। एक बार भाजपा की टिकट पर भी जीते हैं। 2009 में जेवीएम की टिकट पर चुनाव जीते थे। लेकिन 2019 में साधुचरण महतो को टिकट मिलने पर बतौर निर्दलीय चुनाव लड़े और हार गये।

**आजसू-भाजपा के टकराव से झामुमो को फायदा :** 2019 में भाजपा से तालमेल नहीं बनने पर आजसू ने हरेलाल महतो को मैदान में उतारा था। लेकिन भाजपा के साधु चरण, आजसू के हरेलाल और अरविंद कुमार सिंह के निर्दलीय मैदान में उतरने का सीधा फायदा झामुमो की सबीता महतो उठा ले गईं। उस चुनाव में सबीता को 57,546 वोट, आजसू के हरेलाल को 38,836 वोट, भाजपा के साधुचरण महतो को 38,485 वोट और निर्दलीय अरविंद सिंह को 32,206 वोट मिले थे। अगर आजसू, भाजपा और अरविंद सिंह के वोट को जोड़ दिया जाए तो झामुमो की सबीता महतो कहीं नहीं टिकतीं।

**मुकाबले को रोचक बनाते दिख रहे हैं जयराम :** इस बार के विधानसभा चुनाव में जेबीकेएसएस यानी झारखंडी भाषा-खतियानी संघर्ष समिति के ताल ठोंकने से जयराम महतो को कुर्मी वोटर आशा भरी नजरों से देख रहे हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव में ट्रेलर भी दिखा दिया था। रांची संसदीय सीट से खड़े जेबीकेएसएस उम्मीदवार देवेंद्रनाथ महतो को ईचागढ़ में 38,564 वोट मिले थे। पिछले दिनों जयराम महतो कह चुके हैं कि ईचागढ़ में यहीं का स्थानीय चुनाव लड़ेगा। लेकिन जानकारों का कहना है कि ईचागढ़ में कुर्मी वोट बैंक अलग-अलग पार्टियों में बंटा हुआ है। जीत के लिए जरूरी है आदिवासी और अन्य ओबीसी वोटर को अपने साथ जोड़ना।

**कुर्मी को आदिवासी का दर्जा देना झामुमो की चुनौती :** मानसून सत्र के दौरान विधानसभा में आजसू नेता लंबोदर महतो सदन में कुर्मी को आदिवासी का दर्जा देने को लेकर सवाल उठा चुके हैं। उन्होंने कहा था कि कुर्मी को आदिवासी का दर्जा मिलना चाहिए। उनकी दलील है कि पूर्व में कुर्मी को आदिवासी का दर्जा था लेकिन बाद में साजिश के तहत हटा दिया गया।

उन्होंने भाषा, संस्कृति का भी हवाला दिया। तब सदन में ही सीएम हेमंत सोरेन ने कहा था कि क्या कीजिएगा आदिवासी बनकर। आदिवासी की हालत तो आप देख ही रहे हैं।

लिहाजा, हालिया समीकरण बता रहे हैं कि ईचागढ़ सीट पर इसबार का चुनाव बेहद दिलचस्प होगा। देखना होगा कि कुर्मी वोटर आदिवासी के दर्जे की मांग को लेकर गोलबंद होते हैं या कैडर की भूमिका में। सारा खेल भाजपा और आजसू की एकता पर निर्भर करेगा।

### अरविंद सिंह पर मरांडी व संजय सेठ की कृपा

अब साधु चरण का निधन हो चुका है। लिहाजा, अरविंद कुमार सिंह भाजपा से टिकट की आस में उम्मीदें बांधे बैठे हैं। इसकी वजह भी है। इनको बाबूलाल मरांडी का भी करीबी कहा जाता है। कहा जाता है कि बाबूलाल मरांडी के पहल पर ही इसी साल फरवरी में वह भाजपा में शामिल हुए। रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से भी इनकी अच्छी नजदीकी है। जानकारों का कहना है कि पिछले लोकसभा चुनाव में इनके कैडर वोट ने संजय सेठ का साथ दिया था।

### हार-जीत का फैसला करते है कुर्मी वोटर

ईचागढ़ विधानसभा सीट पर हार-जीत का फैसला कुर्मी वोटर तय करते हैं। यहां महतो वोट की संख्या करीब 90 हजार है। दूसरे स्थान पर आदिवासी और तीसरे स्थान पर ओबीसी की भूमिका होती है। यहां सामान्य वोट का प्रतिशत महज 2 से 3 प्रतिशत है। इसके बावजूद तीन बार अरविंद कुमार सिंह चुनाव जीते। इस क्षेत्र से तालुकात रखनेवाले राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ईचागढ़ क्षेत्र में अरविंद कुमार सिंह लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। उन्होंने अपना कैडर तैयार कर रखा है। हर समाज में इनकी पैठ है। जमशेदपुर में सबसे बड़ा दुर्गा पूजा का आयोजन अरविंद कुमार सिंह उर्फ मलखान सिंह की समिति ही आयोजित कराती है। उनके साथ बड़ी संख्या युवा जुड़े हुए हैं। रही बात आजसू के हरेलाल महतो की तो उनका नाम बालू के अवैध खनन को लेकर सामने आता रहा है। उनके नक्सलियों से कनेक्शन की भी बात सामने आती रही है। वह जेल भी जा चुके हैं।

## आइफा में प्रस्तुति देंगी नोरा फतेही




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) के 24वें संस्करण में प्रस्तुति देंगी। नोरा फतेही ने कहा कि वह आइफा वीकेंड में प्रस्तुति देने के लिए बेहद उत्साहित हैं।आइफा के दौरान, भारतीय सिनेमा का जश्न, दर्शकों की भारी भीड़, एक से बढ़कर एक प्रस्तुति, इसे वास्तव में अविस्मरणीय बनाता है। फतेही ने कहा कि मैं अबू धाबी के शानदार यास द्वीप पर (आइफा) मंच पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और प्रशंसकों और साथी कलाकारों के साथ इस असाधारण क्षण को साझा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती आइफा में प्रदर्शन करना मेरे लिए सम्मान की बात है। तैयार हो जाइए, क्योंकि यह अनुभव शानदार होने वाला है, प्रशंसकों को शानदार ट्रीट मिलेगी, जिसे वह भुला नहीं सकेंगे।




# शेयर बाजार में तूफानी तेजी

## सेंसेक्स पहली बार 84,000 पार, निफ्टी ने बनाया नया रिकार्ड

### निवेशकों ने कमाए 6.5 लाख करोड़ रुपये



**सेंसेक्स 1360 अंक तेजी के साथ 84,544 पर पहुंचा और निफ्टी 375 अंक छलांग लगाकर 25,790 उच्चतम स्तर पर बंद**

### तेजी के कारण

- फेड रिजर्व की ओर से की गई ब्याज कटौती और आगे भी कटौती के संकेत
- विदेशी निवेशकों ने शेयर मार्केट में किया निवेश
- बैंकिंग स्टॉक में हुयी जमकर खरीदारी का भी दिखा असर

**मुंबई।** अमरीकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में अप्रत्याशित आधी फीसदी की कटौती करने से एशियाई बाजारों में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवाार को सेंसेक्स पहली बार 84 हजार अंक के पार पहुंच गया और निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड बनाया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1359.51 अंक अर्थात 1.63 प्रतिशत की तूफानी तेजी के साथ 84,544.31 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 375.15 अंक यानी 1.48 प्रतिशत की छलांग लगाकर 25,790.95 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.16 प्रतिशत उछलकर 49,163.22 अंक और स्मॉलकैप 1.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ 57,081.61 अंक हो गया। शुक्रवार को शेयर मार्केट में तेजी के चलते निवेशकों ने जबरदस्त कमाई की। इस तेजी के कारण निवेशकों की संपत्ति में करीब 6.5 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप शुक्रवार को करीब 472 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ। यह पिछले सत्र में 465.47 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ था। इस दौरान बीएसई में कुल 4059 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2442 में लिवाली, जबकि 1502 में बिकवाली हुई वहीं 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियां हरे जबकि अन्य छह लाल निशान पर रही। बीएसई के सभी 20 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे रियल्टी 3.21, कमोडिटीज 0.86, सीडी 1.78, ऊर्जा 0.99, एफएमसीजी 1.35, वित्तीय सेवाएं 1.55, हेल्थकेयर 1.10, इंडस्ट्रियल्स 2.08, आईटी 0.70, दूरसंचार 1.48, यूटिलिटीज 1.70, ऑटो 2.12, बैंकिंग 1.44, कैपिटल गुड्स 2.32, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.94, धातु 1.82, तेल एवं गैस 0.75, पावर 1.82, टेक 1.01 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.15 प्रतिशत चढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान जापान का निक्केई 1.53, हांगकांग का हैंगसेंग 1.36 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.03 प्रतिशत की तेजी रही जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.74 और जर्मनी का डैक्स 1.04 प्रतिशत लुढक गया।

## बड़गाम : खाई में गिरी बस, बीएसएफ के चार जवानों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में एक बस के खाई में गिरने से बीएसएफ के कम से कम चार जवानों की मौत हो गई और 26 घायल हो गये। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ द्वारा दूसरे चरण के चुनाव ड्यूटी के लिए किराए पर ली गई एक सिविल बस बडगाम के वतरहाल इलाके के ब्रेल के पास एक खाई में गिर गई, जिसके कारण बीएसएफ के कई जवान घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि घायलों में से चार की मौत हो गई।







## जंग के लिए ऑपरेशनल हुआ आइएनएस विक्रांत

**नयी दिल्ली। आखिरकार लंबे इंतजार के बाद भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत समुद्र में जंग के लिए ऑपरेशनल हो गया है। तैनाती के रूप में जहाज को पहली बार पश्चिमी बेड़े में शामिल किया गया है, जिससे नौसेना की स्वॉर्ड आर्म की समुद्री शक्ति और ज्यादा बढ़ गई है।**

## अमेरिका की ध्रुवी पटेल बनीं मिस इंडिया वर्ल्डवाइड



**वाशिंगटन।** अमेरिका में कंप्यूटर इन्फॉर्मेशन सिस्टम की छात्रा ध्रुवी पटेल को मिस इंडिया वर्ल्डवाइड 2024 घोषित किया गया है। वर्ल्डवाइड भारत से बाहर आयोजित की जाने वाली सौंदर्य प्रतियोगिता है। ध्रुवी ने कहा कि वर्ल्डवाइड का खिताब जीतना अभूतपूर्व सम्मान है।




# कांग्रेस के अंदर दम तोड़ चुकी है देशभक्ति : मोदी

**एजेंसी**

### टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सली चला रहे हैं कांग्रेस को



**वार्धा (महाराष्ट्र)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की हाल की विदेश यात्रा में उनके विवादास्पद बयानों को लेकर कांग्रेस की तीखी आलोचना की और कहा कि आज की कांग्रेस महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं रह गयी है, इस पार्टी में देश भक्ति दम तोड़ चुकी और इस पर नफरत का भूत सवार हो चुका है। टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सली कांग्रेस को चला रहे है।

मोदी संसद में नेता प्रतिपक्ष का नाम लिए बिना कहा कि आज कांग्रेस के नेता विदेश जा कर देश विरोधी एजेंडा चलाते हैं और भारतीय संस्कृत तथा यहां के लोगों की आस्था का अपमान करते हैं। श्री मोदी कारीगरों की सहायता के लिए चल रहे केंद्र सरकार के विश्वकर्मा कार्यक्रम पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री कहा कि आज जो कांग्रेस हम देख रहे हैं, ये वो कांग्रेस नहीं है जिससे कभी महात्मा गांधी जी जैसे महापुरुष जुड़े थे। आज की कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी है। आज की कांग्रेस में नफरत का भूत दाखिल हो गया है। उन्होंने श्री गांधी की हाल की अमेरिका यात्रा में सिखपंथ के लोगों की भारत में स्थिति और अन्य मुद्दों पर उनके विवादास्पद बयानों तथा कथित तौर पर कुछ भारत विरोधी लोगों के साथ उनकी मुलाकातों की ओर संकेत करते हुए कहा कि आप देखिए, आज कांग्रेस के लोगों की भाषा, उनकी बोली, विदेशी धरती पर जाकर उनके देशविरोधी एजेंडे, समाज को तोड़ना, देश को तोड़ने की बात करना, भारतीय संस्कृति और आस्था का अपमान करना, ये वो कांग्रेस है, जिसे टुकड़े-टुकड़े गैंग और अर्बन नक्सल के लोग चला रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज देश की सबसे बेईमान और सबसे भ्रष्ट कोई पार्टी है, तो वह कांग्रेस पार्टी है। देश का सबसे भ्रष्ट परिवार कोई है, तो वो कांग्रेस का शाही परिवार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की कांग्रेस को गणपति पूजा से भी नफरत है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की धरती गवाह है, आजादी की लड़ाई में लोकमान्य तिलक के नेतृत्व में गणपति उत्सव भारत की एकता का उत्सव बन गया था। गणेश उत्सव में हर समाज, हर वर्ग के लोग एक साथ जुड़ते थे। इसीलिए, कांग्रेस पार्टी को गणपति पूजा से भी चिढ़ है। मैं गणेश पूजन कार्यक्रम में चला गया, तो कांग्रेस का तुष्टिकरण का भूत जाग उठा, कांग्रेस गणपति पूजा का विरोध करने लगी।

